PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-88 | झुंझुनू (राजस्थान) | मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

ईमानदारी वह संपत्ति है जो धीरे-धीरे बढ़ती है, पर एक बार बन जाए तो जीवनभर सम्मान दिलाती है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### पंचायत का चुनाव या सामाजिक विभाजन का उत्सव? ग्राम स्वराज की कसौटी पर लोकतंत्र

राजस्थान में पंचायत राज चुनावों की दस्तक के साथ ही गांवों में राजनीतिक तापमान बढ़ने लगा है। चौपालों पर बहस, घर-घर संपर्क, जातीय समीकरणों की गणना और पुराने रिश्तों की नई व्याख्या—लोकतंत्र का यह सबसे जमीनी स्वरूप जितना जीवंत दिखाई देता है, उतना ही चिंताजनक भी। क्योंकि विकास की ठोस योजनाओं और ग्राम स्वराज की संकल्पना की बजाय अक्सर जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र और खाप की वर्चस्व की राजनीति आगे आ जाती है। योग्यता, ईमानदारी और दूरदृष्टि जैसे गुण पीछे छूट जाते हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। ग्राम पंचायत लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। यहीं से स्थानीय विकास, सामाजिक समरसता और प्रशासनिक पारदर्शिता की शुरुआत होती है। परंतु चुनावी माहौल में गांव दो खेमों में बंट जाता है। परिवारों के बीच दूरी बढ़ती है, मित्रता राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। खेत की मेड़ पर हुआ पुराना विवाद, बाड़े या उपलों के ढेर को लेकर हुई कहासुनी तक चुनावी मुद्दा बन जाती है। इस सबके बीच असली प्रश्न—गांव का विकास—कहीं खो जाता है।

चुनावों में एक और प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है—शराब, कबाब और दबाव की राजनीति। मतदाता को प्रभावित करने के लिए अनावश्यक खर्च, दावतें और दिखावे की संस्कृति सामान्य होती जा रही है। जो व्यक्ति जितना अधिक खर्च करता है, उसे उतना ही 'मजबूत' उम्मीदवार माना जाता है। परिणामस्वरूप, सच्चे और योग्य लोग पीछे हट जाते हैं, जबकि अवसरवादी तत्व आगे बढ़ते हैं। यह स्थिति लोकतंत्र के मूल सिद्धांत—समान अवसर—के विरुद्ध है। सबसे गंभीर समस्या चुनावी खर्च की बढ़ती प्रवृत्ति है। हारने वाले उम्मीदवार को आर्थिक और सामाजिक दोनों स्तर पर नुकसान झेलना पड़ता है। कई बार यह नुकसान इतना गहरा होता है कि परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। दूसरी ओर, जीतने वाला उम्मीदवार चुनाव में किए गए खर्च की भरपाई के लिए पंचायत की योजनाओं और संसाधनों का दुरुपयोग करने के प्रलोभन में फंस सकता है। विकास की राशि निजी स्वार्थ की भेंट चढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। यह केवल नैतिक पतन नहीं, बल्कि सार्वजनिक विश्वास का क्षरण है।

समय की मांग है कि पंचायत नेतृत्व में शिक्षा और प्रशासनिक दक्षता को प्राथमिकता दी जाए। आज ग्राम पंचायत का संचालन केवल हस्ताक्षर करने भर का काम नहीं है। ऑनलाइन पोर्टल, ई-टेंडरिंग, डिजिटल भुगतान, भू-अभिलेख, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं—सब कुछ तकनीकी प्रक्रियाओं से जुड़ा है। ऐसे में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि पंचायत का मुखिया कम से कम इतनी समझ रखे कि वह इन व्यवस्थाओं को पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित कर सके। जब हर क्षेत्र में योग्यता को महत्व दिया जाता है, तो राजनीति में इसे अनावश्यक क्यों माना जाए? ग्राम स्वराज की अवधारणा केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सत्ता के विकेंद्रीकरण की भावना है। इसका उद्देश्य है कि गांव अपने विकास की दिशा स्वयं तय करे। परंतु यदि चुनाव जातीय समीकरणों और निजी रंजिशों पर आधारित होंगे, तो यह लक्ष्य कैसे प्राप्त होगा? पंचायत का चुनाव सामाजिक विभाजन का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का अवसर होना चाहिए।

इस स्थिति में समाज के सजग नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। शिक्षित और जिम्मेदार लोगों को केवल दर्शक बनकर नहीं रहना चाहिए। उन्हें आगे आकर चुनावी आचार-विचार में सुधार की पहल करनी होगी। अनावश्यक खर्च और प्रलोभन की संस्कृति पर सामूहिक रोक लगाने की जरूरत है। मतदाताओं को भी यह समझना होगा कि उनका वोट किसी दावत या दबाव का परिणाम नहीं, बल्कि गांव के भविष्य का निर्णय है। यह भी आवश्यक है कि स्थानीय मुद्दों पर गंभीर चर्चा हो—पानी की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, रोजगार के अवसर, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और पारदर्शिता। उम्मीदवारों से स्पष्ट कार्ययोजना मांगी जाए। उनके पिछले कार्यों और सामाजिक व्यवहार का मूल्यांकन किया जाए। केवल जातीय पहचान या समूह समर्थन के आधार पर निर्णय लेना अंततः पूरे गांव को नुकसान पहुंचाता है।

**अंततः** प्रश्न यह है कि क्या हम सच में लोकतंत्र के समर्थक हैं, या केवल उसके औपचारिक उत्सव में भाग लेते हैं? क्या हम ग्राम स्वराज की भावना को समझते हैं, या उसे केवल एक नारा मानते हैं? पंचायत चुनाव केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की कसौटी है। यदि इस स्तर पर नेतृत्व योग्य, ईमानदार और दूरदर्शी होगा, तो गांव सशक्त होगा और राष्ट्र स्वतः मजबूत होगा।

इस चुनावी मौसम में जरूरत है आत्ममंथन की। हमें तय करना होगा कि हम अपने गांव को प्रतिस्पर्धा और विभाजन की राजनीति में धकेलेंगे, या सहयोग और विकास की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। सही निर्णय ही ग्राम स्वराज को वास्तविक अर्थों में साकार कर सकता है।

# जयपुर में 2 वेटरनरी डॉक्टर रिश्वत लेते गिरफ्तार

### कम्प्यूटर ऑपरेटर के जरिए ले रहे थे 4 लाख की घूस, बिल पास करने के बदले मांगे रुपए

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने जयपुर नगर निगम में दो वेटरनरी डॉक्टरों और एक संविदाकर्मी को 4 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। डॉक्टरों ने आवारा कुत्तों के निकाले गए यूट्रस और टेक्टिकल्स की गणना और बिल फॉरवर्ड करने की एवज में परिवादी से रिश्वत मांगी थी। ये बिल करीब 75 लाख का था। परिवादी की शिकायत पर ACB ने सोमवार को संविदाकर्मी जितेंद्र सिंह शेखावत को 4 लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इसके बाद पशु प्रबंधन शाखा में पदस्थ डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. राकेश कलोरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इन दोनों डॉक्टरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान एसीबी के अधिकारी नगर निगम परिसर में मौजूद रहे।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया- नगर निगम ग्रेटर में परिवादी द्वारा कुत्तों की




नसबंदी एवं टीकारण के किए गए कार्यों के नवंबर-दिसम्बर 2025 के बिल बनाकर नगर निगम ग्रेटर पेश करने के बाद भी रिश्वत की मांग की गई। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कालोरिया कुत्तों से निकाले गए UTERUS एवं TESTI-CLES की गणना नहीं कर रहा था। बिलों को फॉरवर्ड करने के लिए 2 लाख रुपए प्रति माह के हिसाब से 4 लाख रुपए और 1 जनवरी 2026 से 3.50 लाख रुपए प्रति महीने के हिसाब से रिश्वत मांग रहा है। दोनों पशु चिकित्सा अधिकारी अपने कार्यालय के संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र सिंह के जरिए रिश्वत मांग रहे हैं।आनंद शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय (डीआजी) के सुपरविजन में भूपेंद्र अति. पुलिस अधीक्षक ACB जयपुर नगर-प्रथम के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। इस पर दोनों पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुल 15 लाख रुपए की मांग करने की पुष्टि हुई। डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया- इस पर सोमवार को एसीबी टीम ने पशु चिकित्सा अधिकारियों डॉ. योगेश शर्मा और डॉ. राकेश कलोरिया के लिए परिवादी से 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते संविदाकर्मी जितेंद्र शेखावत को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### यूट्रस और टेक्टिकल्स की गणना, बिल फॉरवर्ड करने की एवज में रिश्वत मांगी

**एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने कहा-** परिवादी को आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण का टेंडर मिला था। काम पूरा करने के बाद जब उसने बिल भुगतान के लिए प्रस्तुत किए तो अधिकारियों ने जरूरी गणना और फाइल आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत की मांग शुरू कर दी।


**गुप्ता ने कहा-** परिवादी ने बताया टेंडर की शर्तों के मुताबिक कुत्तों के निकाले गए यूट्रस (UTERUS) और टेक्टिकल्स (TESTICLES) की गणना नगर निगम हेरिटेज के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा नहीं कर रहा है। गणना और बिल फॉरवर्ड करने की एवज में सभी बकाया बिलों के 12 लाख रुपए रिश्वत मांग रहा है।

## शिक्षा विभाग: कंप्यूटर विज्ञान विषय कक्षा 6 से 10 तक न अनिवार्य घोषित, ना ही मार्कशीट में अंक शामिल होंगे

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राज्य सरकार ने सोमवार को विधानसभा में स्पष्ट किया है कि कंप्यूटर अनुदेशक कैडर में बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक एवं वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक के नवीन पदों के सृजन का फिलहाल कोई विचार नहीं है। वहीं, कंप्यूटर विज्ञान विषय को कक्षा 6 से 10 तक न तो अनिवार्य विषय घोषित किया जाएगा न ही मार्कशीट में इस विषय के अंकों को शामिल करेंगे। सीबीएसई की तर्ज पर मार्कशीट में सम्मिलित करने का कोई भी निर्णय सरकार या विभाग की ओर से नहीं लिया गया है। न ही कोई ऐसा मामला प्रक्रियाधीन है। शिक्षा विभाग ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी है।

सरकार ने कहा कि वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा विभाग अंतर्गत 9862 बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक पदनाम को कंप्यूटर शिक्षक ग्रेड द्वितीय एवं 1182 वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक को व्याख्याता कंप्यूटर शिक्षा के नवीन पद सृजित कर



समायोजित करने का कोई विचार नहीं है। इन पदों के पदीय दायित्व में कक्षा एक से 12 तक विद्यार्थियों को कंप्यूटर संबंधित विषयवस्तु का शिक्षण सम्मिलित है। लेकिन इस विषय का शिक्षण तकनीकी प्रकृति का है। यही वजह है कि इन्हें शिक्षक के स्थान पर अनुदेशक पदनाम दिया गया है। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि कंप्यूटर विषय में योग्यताधारी आशार्थियों को इसी कारण बीएड पाठ्यक्रम के लिए पात्र नहीं माना जाता है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से वर्ष 2001 से कक्षा 9 एवं 10 में कंप्यूटर विषय पढ़ाया जा रहा है। परीक्षा के बाद मार्कशीट में कंप्यूटर के अंकों को इंद्राज किया जाता है। लेकिन विद्यार्थी के श्रेणी निर्धारण में कंप्यूटर के अंकों को सम्मिलित नहीं किया है। इन दोनों कक्षाओं में यह एच्छिक विषय के रूप में संचालित है।

### स्टाफिंग पैटर्न के माध्यम से कैडर विस्तार

राज्य सरकार ने लिखित उत्तर में बताया है कि वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा विभाग में स्टाफिंग पैटर्न के माध्यम से कैडर विस्तार की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिसमें बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक एवं वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक के पदीय दायित्वों का समामेश भी किया गया है। लेकिन विभाग स्तर पर कंप्यूटर अनुदेशक कैडर पुनर्गठन एवं पदोन्नति लाभ दिए जाने का कोई भी प्रस्ताव न विचाराधीन है न ही कोई प्रक्रियाधीन।

## डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा से सुरेश मीणा किशोरपुरा ने की मुलाकात

### गांव में पांच-पांच रोडवेज , अनूठी सौगात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** आदिवासी नेता एवं समाज सेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा ने सरकार के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया है। किशोरपुरा गांव में एक के बाद एक सरकारी रोडवेज शुरू करवाने के लिए उपमुख्यमंत्री का सुरेश मीणा के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने स्वागत सत्कार कर आभार जताया है।



गौरतलब है कि डिप्टी सीएम के सहायक देवेंद्र सिंह के प्रयासों से पिछले काफी समय से गांव में रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। गांव में अब 5 रोडवेज बसे आ रही हैं। जिनमें एक रोडवेज सुबह 5:30 बजे जयपुर दूसरी 6:00 बजे फिर जयपुर तीसरी राजगढ़ चूरू के लिए नीमकाथाना से सुबह 9:30 बजे किशोरपुरा आगमन चौथी बस सुबह 10:15 बजे गुढ़ा होते हुए जयपुर और पांचवीं दोपहर 2:45 बजे किशोरपुरा से जयपुर इस मौके पर भाजपा नेता कुबेर सिंह सहित कई वरिष्ठ लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ हो रहा है प्रदेश का विकास- लक्ष्मण सिंह यादव

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के हितार्थ बिना किसी भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों की नई ईबारत लिखने का कार्य कर रही है। ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों बालावास जमापुर, लिसाना, काकोडिया व चिल्हड़ में करोड़ों के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के उपरांत आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गांव बालावास जमापुर में गांव से रसूली तक 43 लाख से बनने वाली सडक़ का शिलान्यास, गांव लिसाना में लिसाना रेलवे स्टेशन से गोकलगढ़ तक 34.50 लाख की लागत से बनने वाली सडक़ का शिलान्यास, गांव काकोडिया में गांव के शिव मंदिर से नारायण चौक तक 20.65 लाख की लागत से बनने वाले मार्ग का शिलान्यास तथा गांव चिल्हड़ में सरकारी स्कूल से भूरथल ठेठर तक 88.58 लाख से बनने वाली सडक़, 70.44 लाख से बनने वाले जैतपुर रोड़ से रेवाड़ी-पटौदी लिंक मार्ग, प्रजापत कालोनी में 10 लाख की लागत से बनने वाले रास्ते का शिलान्यास व 11 लाख की लागत से बनी



वाल्मिकी चौपाल, दस लाख से बनी सामान्य चौपाल निर्माण तथा तीन लाख की लागत से हरिजन चौपाल से रामचंद्र की दुकान तक के रास्ते का उद्घाटन कर ग्रामीणों को समर्पित किया। कार्यक्रमों के दौरान कांग्रेस पार्टी के अनेकों कार्यकर्ताओं ने विधायक की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी का दामन भी थामा। विधायक ने उनका भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान भी दिया जाएगा। इससे पूर्व सभी कार्यक्रमों में पहुंचने पर विधायक का फूलमालाओं, ढोल-बाजों, पगड़ी व स्मृति चिह्न प्रदान कर जोरदार अभिनंदन किया गया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि पिछले करीब तीन दशक से भी अधिक समय से इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इलाके के विकास की ओर कोई ध्यान न देकर केवल अपने स्वार्थ की राजनीति करने का काम किया है। रेवाड़ी की जनता ने इस बार उन्हें सेवा का मौका दिया है। रेवाड़ी के कदम-कदम पर समस्याओं का अंबार उन्हें विरासत में मिला है, लेकिन वह हर समस्या पर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं और उन्हें काफी हद तक सफलता भी मिली है। आने वाले समय में रेवाड़ी विकास के मामले में किसी भी क्षेत्र से पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रत्येक वर्ग एवं तमाम क्षेत्रों का समान विकास कराने को लेकर कृतसंकल्प है। विकास को लेकर सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। गांव हमारे विकास की धुरी है, इसलिए ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकताओं में है। इस अवसर पर काकोडिया के सरपंच अमन, धनीराम मेहरा, बाबूलाल छावड़ी, रेणूबाला, नानकचंद, खेमचंद सैनी, रामकिशन बसेरा, विनय जेलदार, प्रेम कुमार, जयराज यादव, शीशपाल पूर्व सरपंच, कुलदीप सरपंच मुंढलिया, विजेद्र यादव, रण सिंह बोहरा, महेंद्र मास्टर व कैप्टन देवत्त समेत काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्यामभक्तो ने बाबा श्याम संग मनाया वेलेंटाइन डे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

सोमानी गैस एजेंसी के पास स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर में श्री बाबा श्याम प्रभु के संग केक काट कर वैलेंटाइन डे मनाया मंदिर पुजारी रवि पुजारी ने केक काटा और सभी ने बाबा के श्री चरणों में अरदास लगाई इस अवसर पर संदीप बजाज जयप्रकाश जाजोदिया लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला अनिल सोमानी विनीत बजाज राजेश जाजोदिया कमल तोदी अंकित बजाज सुनील मोदी आकाश झुरिया, शिवकुमार गतेलवाल सतीश कुमावत, मयंक शर्मा, लक्की कुमावत, सतपाल सिंह, अमित खुडीवाला, तिलक वर्मा, दीपक कुमावत, रणवीर सिंह, रजत कुमावत, दिनेश सैनी, विकास सहित युवा मित्र मंडल के ऊर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महवा के तरुण सैनी बने फुले ब्रिगेड के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी

### संगठन को डिजिटल मोर्चे पर मिलेगी नई धार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** फुले ब्रिगेड संगठन में बड़े संगठनात्मक फैसले के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी की स्वीकृति और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष चंद्र जयप्रकाश सैनी की अनुशंसा पर संगठन मंत्री विनोद सैनी ने महवा निवासी युवा कार्यकर्ता तरुण सैनी निवासी नई सब्जी मंडी महवा जिला दौसा को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी से पदोन्नत कर राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है, यह नियुक्ति संगठन के भीतर उनकी लगातार सक्रियता, अनुशासित कार्यशैली



और डिजिटल माध्यमों पर संगठन की मजबूत मौजूदगी बनाने में निभाई गई प्रभावी भूमिका को देखते हुए की गई है। नियुक्ति आदेश जारी होते ही महवा सहित पूरे सैनी समाज में उत्साह का माहौल बना और इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण माना गया, क्योंकि ग्रामीण अंचल से निकलकर एक युवा का राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान पाना संगठन के लिए नई ऊर्जा का संकेत है। संगठन के भीतर यह संदेश गया है कि मेहनत, निरंतरता और परिणाम देने वाले कार्यकर्ताओं को नेतृत्व स्तर पर जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे संगठनात्मक पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी। जानकारी के अनुसार तरुण सैनी लंबे समय से फुले ब्रिगेड की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय रहे हैं और सोशल मीडिया पर संगठन की विचारधारा, कार्यक्रमों और अभियानों को तथ्यात्मक और संयमित ढंग से प्रस्तुत करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है, इसी आधार पर शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन की डिजिटल रणनीति सुदृढ़ करने का दायित्व सौंपा है। मनोनयन पर तरुण सैनी ने नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा संगठन की विचारधारा को देशभर में सकारात्मक, जिम्मेदार और कानूनी मर्यादाओं के अनुरूप डिजिटल माध्यमों से मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। समाजबंधुओं और संगठन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में फुले ब्रिगेड की ऑनलाइन पहुंच, संगठनात्मक समन्वय और जनसंवाद और अधिक सशक्त होगा, जिससे संगठन की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से स्थापित हो।

# इन तरीके से करें घर का मेकओवर



**वर्तमान समय में लोग अपने घर को त्योहार और मौसम के हिसाब डेकोरेट और सेट करना पसंद करते हैं। खासतौर से इस मौसम में घर को अलग तरीके से सेट करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में घर से जल्दी बदबू आने लगती है।**

इस मौसम में अगर आप अपने घर को सही तरीके से सेट करके रखेंगी, तो इस समस्या का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे मेकओवर आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप इसे डेकोरेट कर सकती है।

### नेचुरल लुक पसंद करने वाले करें ये काम

अगर आपको नेचुरल लुक पसंद है तो फूल पत्तियों के प्रिंट वाले कॉटन कुशन, सोफा कवर और टेबल कवर बिछाएं। इसके अलावा कमरे को और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर प्रिंटेड कॉटन कर्टन लगाएं।

### कमरे में लगाएं सीजनल प्लांट्स

घर को प्राकृतिक लुक देने के लिए घर के अंदर और चारों ओर पत्तेदार पौधे लगाएं। इंडोर प्लांट्स घर के इंटीरियर लुक को बढ़ाने का काम करता है। प्लांट नेचुरल एयर फिल्टर की तरह काम करते हैं, जो घर की वायु को शुद्ध रखते हैं। फर्न्स और ऑर्किड्स जैसे प्लांट को आप बालकनी और घर में लगा सकती हैं।

### सुगंधित मोमबत्ती का करें इस्तेमाल

अच्छी सुगंध हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। ऐसे में आप अपने कमरे व घर में सुगंधित मोमबत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप कमरे में ताजगी और प्यारी सी सुंगध चाहते हैं, तो फ्रेग्रेंस कैंडल का यूज करें।


### पर्दा और ब्लाइंड का करें यूज

गर्मी के मौसम में कमरे बहुत ज्यादा गर्म होने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप पर्दे और ब्लाइंड का उपयोग कर सकते हैं। ये दोनों चीजें सूरज की किरणों को कमरे में आने से रोकती है, जिससे हवा की मदद से गर्म लू अंदर नहीं आती है। इसके अलावा पर्दा लगाते समय उनके फैब्रिक का खास ध्यान दें।



### मोटे कालीन का न करें इस्तेमाल

सर्दियों में हम सभी ठंड से बचने के लिए कालीन का इस्तेमाल करते हैं। ये कालीन ठंड के साथ-साथ घर के लुक में चार-चांद लगाने का काम करते हैं। अगर आप अभी भी इन कालीन को बिछा कर रखा हुआ है तो इन्हें बदल दें। इनकी जगह पतले और हल्के कालीन का उपयोग करें।



# स्टाइलिश लुक देने में मदद करेंगे चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती स्टाइल सलवार-सूट

**किसी पार्टी में जाना हो या ऑफिस में पहनना हो। सलवार-कमीज के डिजाइंस में आपको कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। वहीं डिजाइन और फैब्रिक के लिए मौसम को समझना भी काफी जरूरी होता है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और इस मौसम में त्वचा को ठंडक देने वाले डिजाइन और रंगों का चुनाव करना चाहिए। डिजाइन की बात करें तो चिकनकारी वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये देखते हैं चिकनकारी वर्क वाले सलवार-सूट के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-**

### फ्रॉक स्टाइल सलवार-सूट

शॉर्ट कुर्ती में आजकल फ्रॉक या पेप्लम स्टाइल कुर्ती सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इस तरीके के सूट के साथ में आप चिकनकारी वर्क वाले शरारा को स्टाइल कर सकते हैं। सूट के साथ में आप चाहे तो दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। इस तरीके का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड 1,000 रुपये में मिल जाएगा।


### कलीदार सलवार-सूट

कलीदार सूट एवरग्रीन फैशन में रहता है। इस तरह के लॉन्ग फ्लोर लेंथ कलीदार कुर्ती स्टाइल आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इसमें आपको फुल स्लीव्स के आलावा स्कूप नेक डिजाइन में भी कई तरह के वर्क वाले सूट देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो इस तरह के सूट के साथ में लॉन्ग स्कर्ट को भी पहन सकती हैं।

### ऑम्ब्रे डिजाइन सलवार-सूट

आजकल ऑम्ब्रे शेड फैशन ट्रेंड में काफी ज्यादा नजर आ रहा है। इसमें आपको कई कलर्स देखने को मिल जाएंगे। चिकनकारी वर्क में आपको इस तरह में लूज डिजाइन के कुर्ती स्टाइल सूट में काफी सारी वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इस तरह का सूट आपको फैब्रिक खरीदकर खुद सिलवाना पड़ेगा। वहीं इस तरह के लुक के साथ में आप पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।





# 2 से 5 साल के बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का ये है बेस्ट तरीका

**दुनिया तेजी से बदल रही है। इसी के साथ माता-पिता के सामने कई चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती है, बच्चों को अनुशासित बनाने की। हर माता-पिता के मन में यह प्रश्न रहता है कि बच्चे को अनुशासन कैसे सिखाया जाए? हाल के दिनों में जिस तरह से बच्चों में अनुशासनहीनता की घटनाएं बढ़ी हैं, उसे देखते हुए यह चिंता जायज भी लगती है। बच्चों को अनुशासित बनाने का प्रयास जितनी जल्दी प्रारंभ कर दिया जाए, उतना सही परिणाम मिल सकता है। दो से पांच साल तक की उम्र बच्चों के व्यवहार को निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाती है।**

कहने की नहीं, करने की है जरूरत बच्चे शब्दों से ज्यादा क्रियाओं पर ध्यान देते हैं। इसलिए, उन्हें अनुशासित बनाने की पहली शर्त है- आपका स्वयं अनुशासित होना। अगर आप बातचीत में अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो बच्चे को यह सिखाना व्यर्थ है कि उसे अच्छा बोलना चाहिए। बच्चे को यह बताने का प्रयास मत कीजिए कि उसे क्या नहीं करना है। बल्कि, उसके समक्ष इस बात का उदाहरण दीजिए कि उसे क्या करना है। आपका संतुलित व्यवहार उसे स्वयं ही आप जैसा बनने के लिए प्रेरित करेगा। बच्चे को चिल्लाकर चुप रहने की सीख नहीं दी जा सकती है।

### तर्क के साथ रखें पक्ष

बच्चों को व्यवहार से जुड़ी कोई सीख देते समय उनके मन में उठने वाले प्रश्नों पर ध्यान दें। यदि वह पलटकर कोई प्रश्न करे, तो आपको उसका तार्किक समाधान देना चाहिए। इससे बच्चा आपकी कही हर बात को आत्मसात कर पाता है। जैसे ही आप उसके प्रश्नों पर उसे डांटकर चुप कराने और बस आपका निर्देश पालन करने के लिए कहते हैं, वह उन बातों को न अपनाने के लिए प्रेरित होता है।

### पहली गलती पर ही रोकें

बच्चों के व्यवहार में सबसे बड़ी भूमिका माता-पिता की होती है। कई बार छोटे बच्चे की किसी गलती को माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य ही हंसकर टाल देते हैं। कई बार बच्चे की तोतली आवाज में अपशब्द सुनकर सभी को हंसी आ जाती है।

कई बार जिद में जब बच्चा किसी बड़े पर हाथ उठाता है, तब भी यह कहकर टाल दिया जाता है कि बच्चा है, सीख जाएगा। यह गलत है। बच्चे की किसी भी ऐसी बात का समर्थन मत कीजिए, जो आप चाहते हैं कि उसकी आदत का हिस्सा न बने।

पहली ही गलती पर उसे रोकें। इसके लिए गुस्सा करने या डांटने की जरूरत नहीं है, लेकिन धीमी आवाज में दृढ़ता से उसे यह अवश्य बताएं कि यह काम सही नहीं है। इससे बच्चा उस गलती को दोहराने से बचता है।

### इच्छा और जिद का अंतर समझें

कई बार माता-पिता अपने बच्चे की हर इच्छा पूरी करने के प्रयास में उसे जिद्दी बना देते हैं। ऐसा न करें। आपको इच्छा और जिद के बीच के अंतर को समझना होगा। बच्चे को यह समझ में आना चाहिए कि उसकी कही हर बात या उसकी हर मांग पूरी नहीं की जा सकती है। उसकी इच्छाएं जिद में न बदले, इसका प्रयास करना जरूरी है।

### अच्छे की प्रशंसा करें

बच्चों को गलती करने पर टोकना जितना जरूरी है, अच्छा करने पर प्रशंसा भी उतनी ही जरूरी है। बच्चे को अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें और जब वह कुछ अच्छा करे, तो उसकी प्रशंसा करके उत्साह भी बढ़ाएं। इससे बच्चे को सही और गलत के बीच अंतर समझने में आसानी होती है। वह अपने कार्यों में इस अंतर को समझ पाता है कि क्या करने पर उसे टोका जा रहा है और क्या करने पर प्रशंसा मिल रही है।





# लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इन कामों में करें इस्तेमाल

**अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।**

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को खराब होने के बावजूद भी कई कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां कुछ ऐसे कामों की लिस्ट है, जिनमें आप इस बैटरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस बात का ध्यान दें कि इन्वर्टर बैटरी में जहरीले रसायन होते हैं। इनका इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें और सिक्योरिटी इक्विपमेंट पहनें। अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। अगर आप अनिश्चित हैं कि क्या करना है, तो कृपया टेक्निशियन से सलाह ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।

### ऑफ-ग्रिड बिजली

अगर आपके पास बिजली की आपूर्ति नहीं है, तो आप पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल सौर पैनलों के साथ ऑफ-ग्रिड बिजली प्रोसेस बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके घर या कारोबार को बिजली प्रदान करने में मदद कर सकता है, भले ही आपके पास ग्रिड से कनेक्शन न हो। बैटरी को ऑफ ग्रिड लाइटिंग प्रणाली के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे कि लैंटर्स या फ्लैशलाइट्स।

### बैकअप पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल बिजली कटौती के दौरान बैकअप पावर स्रोत के तौर पर कर सकते हैं। यह आपके कंप्यूटर, इक्विपमेंट को चालू रखने में मदद कर सकता है।

### पोर्टेबल पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल पोर्टेबल पावर स्रोत बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके कैंपिंग, टेलगेटिंग या अन्य बाहरी गतिविधियों के लिए उपयोगी हो सकता है।

### DIY परियोजनाएं

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग विभिन्न DIY परियोजनाओं के लिए कर सकते हैं, जैसे कि सौर चार्जर, इलेक्ट्रिक गो-कार्ट या आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था बनाना।

### स्टोरेज

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल अन्य वस्तुओं को स्टोर करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि इक्विपमेंट , खिलौने या मौसमी सजावट। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पुरानी इन्वर्टर बैटरी की क्षमता कम हो जाती है।

### साइकिल या ऑटोमोबाइल बैटरी

इसे साइकिल या ऑटोमोबाइल की बैटरी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे कि इसे एक उपयोगी विधिमान के रूप में दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सके। इन सबके अलावा लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल टेबलटॉप प्लांटर्स, वॉल हैंगिंग, साइड टेबल, कुर्सियां, गार्डन ऑर्नमिंट्स, लाइटिंग फीचर्स, लैंप बेस, फेयरी लाइट्स, स्कल्पचर, छोटे आइटम्स के लिए बॉक्सस, टूल होल्डर, थीम्ड डेकोरेशन, इंडस्ट्रियल थीम, रस्टिक थीम, पेंटिंग और सफाई के कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये नई बैटरी की तरह लंबे समय तक नहीं चल सकती हैं। इनका इस्तेमाल करने से पहले उनकी क्षमता का परीक्षण करना सुनिश्चित करें। पुरानी इन्वर्टर बैटरी का निपटान करते समय, यह सुनिश्चित करें कि आप इसे रीसायकल करें या इसे जिम्मेदारी से हटा दें। इन्वर्टर बैटरी में सीसा और अन्य खतरनाक सामग्री होती है। इन्हें पर्यावरण में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

### कबाड़ इन्वर्टर बैटरी बेचकर मुनाफा कमाना

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को बेचकर आप एक अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अगर आप प्रति किलो 70 से 80 रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं, तो 50 किलो की बैटरी से 3500 से 4000 रुपये और 70 किलो की बैटरी से 4900 से 5600 रुपये कमा सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप सभी जरूरी सावधानियों का पालन कर रहे हैं और बैटरियों को सही तरीके से निस्तारित कर रहे हैं।

# नीमराना सीएचसी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

### 14 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद** । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमराना में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपुतली एवं तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड़ के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को सुलभ, त्वरित एवं किफायती न्याय व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। शिविर में न्याय मित्र किरण ने अस्पताल के कर्मचारियों तथा उपचार हेतु आए मरीजों को आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, टेलीफोन व बिजली बिल संबंधी प्रकरण, चेक बाउंस के मामले, सुलह योग्य फौजदारी मामले तथा वैवाहिक वाद-विवाद जैसे प्रकरण आपसी समझौते और सहमति से निस्तारित किए जाते हैं। इस अवसर पर डॉ. सविंदर यादव, डॉ. ब्रह्मप्रकाश, डॉ. ओमप्रकाश जाट, डॉ. के.पी. सिंह, सविता देवी (एएनएम), शशिबाला (एएनएम), प्रेम बाई (एलएचवी), विजय प्रकाश यादव, आकाश बड़सीवाल, सत्यवीर, सोनम, संजय सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को समझा और अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु सहभागिता का संकल्प लिया।

## JEE Main 2026 में आकाश इंस्टीट्यूट का ऐतिहासिक प्रदर्शन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा घोषित JEE Main 2026 (सत्र-1) के परिणामों में आकाश इंस्टीट्यूट ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार परसेंटाइल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही संस्थान परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। तीन होनहार छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की। सजल चौधरी - 99.88 'ile, नमन - 99.87 'ile, वर्णज (Varnaj) - 99.78 'ile आदि विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक डॉ. ममता चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह परिणाम साबित करता है कि अब विद्यार्थियों को JEE और NEET जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा या सीकर जैसे शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। चिड़ावा में ही हम विश्वस्तरीय फैकल्टी, अध्ययन सामग्री और संसाधन उपलब्ध करवा रहे हैं।' डॉ. चौधरी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुभवी फैकल्टी टीम और संस्थान के सुव्यवस्थित टेस्ट सिस्टम को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित मूल्यांकन, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और समर्पित स्टाफ के सहयोग से ही विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाए हैं।

## अशोक गहलोत से ओबीसी शिष्टमंडल की मुलाकातः पंचायती राज चुनावों पर हुई विस्तृत चर्चा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**



सोमवार को एक विशेष शिष्टमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निवास पर मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य केंद्र आगामी पंचायती राज चुनाव और ओबीसी वर्ग की राजनीतिक भागीदारी रहा। संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। शिष्टमंडल ने मांग रखी कि पंचायती राज चुनावों में ओबीसी वर्ग को उनका पूरा हक और प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने इस विषय को पूरी जिम्मेदारी के साथ सुना। गहलोत ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन को ओबीसी वर्ग को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने और धरातल पर सक्रिय होने का आह्वान किया। डूंगरराम गेधर विधायक (सूरतगढ़) एवं ओबीसी राष्ट्रीय समन्वयक महेंद्र गहलोत पूर्व अध्यक्ष, केश कला बोर्ड ओमप्रकाश सेन नवनियुक्त ओबीसी जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर सुथार बिठनोक आदि लोग मौजूद रहें। पूर्व मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि ओबीसी वर्ग के हितों और संगठन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## घीलोठ में शिवभक्ति का महाकुंभः 11वां रुद्राभिषेक महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । घीलोठ गांव स्थित झरनेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित 11वां शिव रुद्राभिषेक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सोमवार को सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को शिवमय बना दिया। रविवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सोमवार को विशाल अटूट देशी घी के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। समाजसेवी योगेश यादव एवं जलवीर सिंह यादव के सहयोग से भंडारे की व्यवस्था की गई। भंडारे में घीलोठ, नाघोड़ी, सिलारपुर, नीमराना, काव्हावास, बसई भोपाल सिंहपुरा, नागल, चावंडी सहित आसपास के दर्जनों गांवों से श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले झरनेश्वर महाराज के दर्शन कर धोक लगाई और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की, तत्पश्चात पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में संत कैलाश एवं रामानंद महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच परमानंद यादव, समाजसेवी भामाशाह डॉ. जलदीप पथिक, ठेकेदार धर्मवीर, नीमराना पंचायत समिति सदस्य रविंद्र खींची, बाबा शिवस्वरूप गौशाला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, दलीप मुनीम, लक्ष्मण प्रसाद, धर्मवीर शर्मा सहित अनेक ग्रामवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिलेभर के सेवारत चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

### प्रधानाचार्य के खिलाफ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को भेजा ज्ञापन, हटाने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अरिसदा झुंझुनूं के आह्वान पर जिलेभर के सेवारत चिकित्सकों ने छह पदनामित चिकित्सकों के पदनाम विलोपन के विरोध में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप राजकीय बीडीके अस्पताल के मुख्यद्वार पर चिकित्सकों ने नारेबाजी की और प्रधानाचार्य के खिलाफ रोष जताया। चिकित्सकों का आरोप है कि डा. राकेश साबू द्वारा तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया गया है, जिससे चिकित्सा वर्ग आहत है। पदनामित चिकित्सक कॉलेज की स्थापना से ही बिना किसी अतिरिक्त मानदेय के शिक्षण सेवाएं दे रहे थे, इसके बावजूद उनका पदनाम विलोपित कर दिया गया। चिकित्सकों ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, दिल्ली को ज्ञापन भेजकर पदनामित चिकित्सकों की बहाली तथा प्रधानाचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई कर उन्हें पद से हटाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की गाइडलाइंस एवं राज्य सरकार के निर्देशों के तहत ही




पदनामित किया गया था। आयोग की 'टेक 25' नीति के अनुसार पदनामित करने के बजाय समायोजन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ऐसे में बिना सक्षम स्तर की अनुमति के पद विलोपन को अनुचित बताया गया है। अरिसदा प्रवक्ता डा. विजय झाझड़िया ने कहा कि जब तक प्रधानाचार्य पर कार्रवाई नहीं होती और उन्हें पद से नहीं हटाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मांगें नहीं माने जाने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

अरिसदा अध्यक्ष डा. एस.ए. जब्बार ने बताया कि आगामी दिनों में भी जिलेभर के अस्पतालों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में अरिसदा महासचिव डा. राजेन्द्र ढाका सहित डा. शीशराम गोठवाल, डा. पुष्पा रावत, डा. राजेन्द्र पायल, डा. जगदेव सिंह, डा. मधु तंवर, डा. आकांक्षा, डा. मनीषा चौधरी, डा. श्वेता, डा. दीपक देवठिया, डा. सपना झाझड़ियां, डा. राहुल सोनी, डा. गौरव बूरी, डा. ईकराज अहमद, डा. दुष्यंत बसेरा, डा. प्रियंका कसवा, डा. सुरेश मील, डा. नेमीचंद, डा. संदीप नेमीवाल, डा. प्रमोद तेतरवाल, डा. प्यारेलाल भालोठियां, डा. अरविंद जाखड़, डा. नवीन, डा. कपूर थालौर, डा. पूनम चौधरी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक शामिल रहे।मलसीसर में भी डा. सतवीर एवं डा. अशोक सैनी समेत अन्य चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

### मुख्यमंत्री निवास पर बीकानेर संभाग की अहम बैठक

# जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने दिया संगठन और प्रशासन का फीडबैक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर देहात भाजपा के पदाधिकारियों और विधायकों के साथ गहन चर्चा की। इस दौरान संगठन की मजबूती और प्रशासनिक कसावट को लेकर 'वन-टू-वन' फीडबैक लिया गया।संगठन और प्रशासन पर सीधी चर्चाबीकानेर देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने मुख्यमंत्री को जिले की संगठनात्मक गतिविधियों, अब तक किए गए कार्यों और भविष्य की कार्ययोजना का विस्तृत ब्योरा दिया।बैठक की मुख्य बातें में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो अधिकारी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनकी शिकायत जिलाध्यक्ष के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मूल उद्देश्य 'अंतिम पंक्ति के व्यक्ति' तक लाभ पहुँचाना है। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की है। सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर सीधा फीडबैक लिया गया। बैठक में उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बैठक में



बीकानेर संभाग के प्रमुख नेताओं ने शिरकत की, जिनमें शामिल थे। बिहारीलाल विश्नोई प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल सुथार अध्यक्ष, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड, विश्वनाथ मेघवाल विधायक, खाजूवाला ताराचन्द सारस्वत विधायक, डूंगरगढ़ अंशुमान सिंह भाटी विधायक, कोलायत, दिलीप सिंह राजपुरोहित जिला महामंत्री, कैलाश विश्नोई तोलाराम कूकना जिला महामंत्री सरकार की मंशा साफ है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले। संगठन यह सुनिश्चित करे कि जनता और सरकार के बीच कोई बाधा न आए।'

# महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष पद का पदभार संभाला अनिल बागड़ी ने

### महाशिवरात्रि पर्व पर छात्रावास प्रांगण में आयोजित गरिमामय समारोह में किया कार्यभार ग्रहण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास के अध्यक्ष पद का कार्यभार रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर समाजसेवी अनिल कुमार बागड़ी ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व बागड़ी ने पदभार ग्रहण करने से पूर्व छात्रावास में स्थित मंदिर में भगवान के दर्शन कर मंगल कामना की। छात्रावास में आयोजित गरिमामय व संक्षिप्त समारोह में बागड़ी ने छात्रावास के कार्यालय में पदभार संभाला। इस अवसर पर छात्रावास के पदाधिकारी सदस्यों ने मोतियों की माला पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बागड़ी की धर्मपत्नी शारदा देवी, सहित परिवार जन सुलोचना धूपिया, महेश बागड़ी, प्रेम प्रकाश बागड़ी बबीता बागड़ी, राकेश बागड़ी प्रियंका बागड़ी, मुकेश बागड़ी, ममता बागड़ी, उज्जवल, मनन, ध्रुव, साहिल, काबिल महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के संयोजक सज्जन कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष झाबरमल माली, फाइनेंस कंसल्टेंट अनिल कुमार मैनेजर, फाइनेंस एडवाइजर सीए राकेश सैनी, महामंत्री महेंद्र कुमार माली वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल मावलियों की ढाणी, व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया, दिलीप चुनवाल, सतीश राकसिया, प्रमोद भभैवा, योजना सलाहकार रामस्वरूप पीटीआई, मंत्री राकेश गौड़ पूर्व पार्षद, प्रवक्ता मनोज राकसिया, भूमि प्रदाता विनोद कुमार गौड़, दीपक कटारिया, सदस्य महावीर जाजम, पुरूषोत्तम गौड़, नरेंद्र सैनी, कुलदीप गहलोत, अमित कुमार सैनी, संदीप सेठी की कोठी, बाबूलाल सैनी सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# 18 फरवरी पराक्रम वाहन रैली के आयोजन को दिया अंतिम रूप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

आगामी 18 फरवरी को घेर का मंदिर (नया बाजार) से शुरू होने वाली पराक्रम वाहन रैली के विषय में बैठक का आयोजन कर रैली की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

पराक्रम रैली (पुरुष वर्ग) 18 फरवरी को 4 बजे घेर का मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए सूर्य मंडल खेल मैदान में हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम स्थल पर समापन होगा। पराक्रम रैली के बारे में जानकारी देते हुए संयोजक केतन शर्मा और सह संयोजक यश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली के दौरान आकर्षक झांकी , डीजे, भगवा पताकाओं के साथ सैकड़ों लोग बाइक रैली में शामिल होंगे। साथ ही रैली से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पूर्ण हो गई है, इसके लिए भगवा साफे बांधने के लिए दुकानदारों से भी संपर्क कर लिया गया है, रैली



प्रारंभ स्थल पर साफा बांधने की व्यवस्था रहेगी शुल्क देकर साफा प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर खंड प्रचारक अभिषेक कुमार नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार, केतन शर्मा, यश मिश्रा, पंकज सैनी ,मुरली मनोहर चोबदार , लखन बेडवाल सहित पराक्रम रैली संचालन टोली के कार्यकर्ता मौजूद थे। पराक्रम टोली के कार्यकर्ताओं ने सभी नगर वासियों से रैली में शामिल होने की अपील की है।

# भाजपा युवा नेता मनीष दहिया ने चिड़ावा के नए वार्ड 38 में ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

सोमवार को भाजपा के युवा नेता मनीष दहिया ने चिड़ावा शहर के नए वार्ड 38 में ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का किया शुभारम्भ। दहिया ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर ट्यूबवेल के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाकर खुशी व्यक्त की और क्षेत्र में नियमित जलापूर्ति शुरू होने की कामना की गई। इस अवसर पर विधानसभा पिलानी से भाजपा प्रत्याशी रहें राजेश दहिया के सुपुत्र मनीष दहिया ने बताया की चिड़ावा क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पानी की कमी को देखते हुए एवं स्थानीय वार्डवासियों की मांग के मध्यमजर ट्यूबवेल की सौगात प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा मिली है। दहिया ने ट्यूबवेल की इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री



भजनलाल शर्मा व जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया। वार्डवासियों ने युवा नेता सुनील भड़िया के नेतृत्व में दहिया को अपार स्नेह एवं आशीर्वाद से अनुग्रहित किया। इस दौरान दहिया के साथ में चिड़ावा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, चिड़ावा नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, युवा नेता सुनील भड़िया, भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष मोहित तामड़ायत, नगर मंत्री राजेश वर्मा, मंजीत सिंह, सज्जन गोदारा, मोनू कुमार, विद्याधर, मुकेश, देव शर्मा, निमिचंद सोमरा, सुभाष, पवन डेला, नथु, मंगेश भगत, सावरमल, राजपाल, बबलू, रोहित, मोनू, सुरेश, मांगीलाल, विमला, मंजू, केसर, सुनीता, गुलाब सहित अनेक वार्ड के गणमान्य नागरिकगण तथा महिला शक्ति मौजूद रहें।

# बाबा साहब के आशीर्वाद से सादगीपूर्ण विवाह, बिना दहेज और फिजूलखर्ची के संपन्न हुई शादी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिले के खेतड़ी क्षेत्र में सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण सामने आया। 15 फरवरी 2026 को गांव सिहोड़, तहसील खेतड़ी निवासी स्व. ओमप्रकाश नारवाल की पुत्री रिंकी का विवाह सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। परिजनों के अनुसार, वर पक्ष केवल लड़की को देखने के लिए आया था, लेकिन आपसी सहमति और दोनों परिवारों की सहर्ष स्वीकृति के बाद तत्काल 'चट मंगनी पट ब्याह' का निर्णय लिया गया। इसके बाद उसी दिन बिना किसी दहेज, बैंड-बाजा और अनावश्यक फिजूलखर्ची के सादे समारोह में विवाह संपन्न कर दिया गया। परिवारजनों ने बताया कि यह विवाह डॉ. भीमराव अंबेडकर (बाबा साहब) के आशीर्वाद व उनकी सामाजिक समता की विचारधारा से



प्रेरित होकर किया गया। विवाह में केवल आवश्यक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए सादगी और सामाजिक संदेश को प्राथमिकता दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। बिना दहेज और आडंबर के संपन्न हुआ यह विवाह सामाजिक सुधार और समानता की दिशा में सकारात्मक संदेश देता है।

# चिड़ावा के MDCL कोचिंग ने फिर रचा इतिहासः तनिष अग्रवाल 99.86 परसेंटाइल के साथ जिले में टॉप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शिक्षा नगरी चिड़ावा की प्रतिष्ठित संस्थान MDCL कोचिंग ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए अपना ही पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। हाल ही में घोषित JEE Main (जनवरी अटेम्प्ट 2026) के परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष तनिष अग्रवाल (पुत्र संजय अग्रवाल) ने 99.86 परसेंटाइल अंक हासिल कर न केवल संस्थान का नया रिकॉर्ड बनाया, बल्कि झुंझुनू जिले में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तनिष की इस सफलता पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। तनिष के साथ-साथ संस्थान के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है जिसमें शशांक (पुत्र मनोज जांगिड़): 99.41 परसेंटाइल, जतिन (पुत्र ग्यारसी लाल सैनी): 99.33 परसेंटाइल, राज्यवर्धन (पुत्र महिपाल): 99.33 परसेंटाइल, उषा (पुत्री विजेंद्र): 99.30 परसेंटाइल, खुशी (पुत्री राकेश गुप्ता): 99.17 परसेंटाइल, आयुष शर्मा (पुत्र सुभाष शर्मा): 99.04 परसेंटाइल आदि विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। संस्थान के चेयरमैन सुनील डांगी ने कहा कि MDCL




में रिकॉर्ड बनाना और फिर उसे स्वयं ही तोड़ देना एक गौरवशाली परंपरा बन चुकी है। यह परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम और शिक्षकों के सशक्त मार्गदर्शन की जीत है। वहीं, निदेशक समित डांगी ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए आगामी JEE Advanced परीक्षा के लिए विशेष रणनीति और टिप्स साझा किए। MDCL की यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि समर्पण और सही दिशा में की गई मेहनत से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संस्थान प्रबंधन और समस्त स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

# नांगल मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन, 'पंच परिवर्तन' का आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.अजीतगढ़।**

अजीतगढ़ खंड के नांगल मंडल में संत महात्माओं के सानिध्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संत हरिदास महाराज (अरणीया शाहपुरा), संत अनंत दास महाराज (अजीतगढ़) एवं संत सेडू दास महाराज (अस्थल धाम, नांगल) के सान्निध्य में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जो विभिन्न गलियों से होते हुए अस्थल धाम नांगल पहुंची। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया और वातावरण जयकारों से गूंज उठा। संत हरिदास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू एकता



समय की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि हिंदू संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण को प्रमुख स्थान दिया गया है। 'हम नदियों, पेड़ों, पहाड़ों और जीव-जंतुओं में ईश्वर का दर्शन करते हैं,' उन्होंने कहा। साथ ही परिवारों में संवाद की कमी पर चिंता जताते हुए उन्होंने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संदेश दिया। गोसाईं बगीची अजीतगढ़ के महाराज आनंद दास जी ने कहा कि मंदिर और मठ समाज के प्रेरणा केंद्र हैं, जिनके संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता दिलीप शर्मा ने कहा कि 'पंच परिवर्तन' सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव का मंत्र है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और गांवों में बने सामान को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने राम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्री राम ने केवट, शबरी और निषादराज को साथ लेकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया, जिसे हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए।उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के अंतर्गत राष्ट्र प्रथम की भावना, हिंदू समाज की एकता, स्वदेशी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण (सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग), नागरिक कर्तव्यों का पालन तथा सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा एवं शिव महा आरती का आयोजन हुआ तथा अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले बीकानेर जिला उपाध्यक्ष सहीराम मेघवाल

## बजट, संगठन और आगामी चुनावों पर हुई विस्तृत चर्चा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/बीकानेर।**

कांग्रेस के अनुसूचित जाति (एससी) विभाग के नवनियुक्त बीकानेर जिला उपाध्यक्ष सहीराम मेघवाल ने जयपुर स्थित आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गंगानगर जिला परिषद सदस्य दलीप मेघवाल भी उपस्थित रहें। मुलाकात के दौरान विभिन्न राजनीतिक और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। सहीराम मेघवाल ने वर्तमान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर असंतोष जताते हुए कहा कि इसमें गरीब, शोषित वर्ग और किसानों के हितों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने वाले ठोस प्रावधान बजट में नजर नहीं आते। हाल ही में ममता भूपेश बैरवा द्वारा एससी विभाग में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने सहीराम मेघवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए सहीराम मेघवाल ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र का गरीब एवं पीड़ित वर्ग परेशान है और जनसमस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल के नेतृत्व पर भी भरोसा जताया गया। सहीराम मेघवाल ने उन्हें अपना 'राजनीतिक गुरु' बताते हुए कहा कि बीकानेर में उनकी पकड़ मजबूत है और आगामी चुनावों में वे भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे।मुलाकात में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर भी रणनीति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जमीनी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर जोर दिया गया।सहीराम मेघवाल ने कहा, 'वर्तमान भाजपा सरकार के बजट में आमजन और किसान के लिए कुछ भी नहीं है। हम जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करेंगे और आगामी चुनावों में गोविंद राम मेघवाल जी के नेतृत्व में शानदार जीत दर्ज करेंगे।'

फतेहाबाद जिलाकी फास्ट ट्रैक कोर्ट जज ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** अदालत श्री हेमंत यादव, स्पेशल जज, फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस), फतेहाबाद द्वारा पुलिस थाना रतिया, जिला फतेहाबाद के अंतर्गत दर्ज मामले में साक्ष्यों, अभियोजन गवाहों, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला रिपोर्ट तथा एनडीपीएस अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों का मूल्यांकन करते हुए अभियुक्त दशरथ उर्फ कमल को धारा 18(ड्ड) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दोषी ठहराया व अपने आदेश दिनांक 16.02.2026 के अनुसार अभियुक्त दशरथ उर्फ कमल को 10 वर्ष का कठोर कारावास व् 1,00,000/- का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 1 वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास की सज़ा सुनाई गई।मामले में अभियोजन की ओर से श्री हरवीर सिंह मालिक, उप जिला न्यायवादी फतेहाबाद द्वारा सशक्त एवं प्रभावी पैरवी की गई। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 17.04.2019 को रतिया पुलिस द्वारा गावं चिम्मो बस स्टैंड के पास अभियुक्त दशरथ उर्फ कमल पुत्र मांगीलाल, निवासी ग्राम नरिया खुर्द, तहसील रामगढ़, जिला मंदसौर (मध्य प्रदेश) को संदेह के आधार पर रोका गया और उसकी राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में तलाशी ली जो तलाशी के दौरान अभियुक्त के बैग से 3 किलोग्राम 550 ग्राम अफीम (व्यावसायिक मात्रा) बरामद की गई। इस प्रकरण में सह-अभियुक्त गोविंद सिंह उर्फ सूरज सिंह चौहान, जो न्यायालय में पेश नहीं हुआ, को माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 25.03.2025 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका है।

# बाड़मेर में घर में मिला ड्रग बनाने वाला केमिकल

## फैक्ट्री चलाने के? लिए ले रखा था बिजली कनेक्शन, दो दिन पहले लाए थे सामान

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**बाड़मेर ।** बाड़मेर डीएसटी और धोरीमन्ना पुलिस ने एक घर पर दबिश देकर वहां से ड्रग बनाने वाला केमिकल बरामद किया है। दबिश के दौरान घर में कोई नहीं था। सामने आया कि फैक्ट्री चलाने के लिए लाइट कनेक्शन भी ले रहा था। मामला जिले के खरड़ गांव का है। पुलिस घर मालिक और खेत मालिक दोनों की तलाश कर रही है।

### दो दिन पहले लेकर आए थे सामान

पुलिस के अनुसार- डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि सोहनलाल और सुरेंद्र निवासी खरड़ दोनों मिलकर अवैध एमडी बनाने व बेचने का धंधा करते है। दो दिन पहले खरड़ गांव में रेतीला धोरों के बीच सोहनलाल के घर पर अवैध मादक पदार्थ एमडी बनाने के लिए फैक्ट्री लगाने के लिए केमिकल और जरूर उपकरण लेकर आए थे। यहां से नशीला सामन मिल सकताा है।

# जिला महामंत्री डॉ कुलदीप ढाका कांग्रेस के राष्ट्रीय शिविर में शिरकत करने वर्धा पहुंचे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित संगम बुनियाद शिविर के लिए सीकर जिला कांग्रेस महामंत्री डॉ कुलदीप ढाका का चयन हुआ है। पार्टी की ओर से महाराष्ट्र राज्य के वर्धा ज़िले के सेवाग्राम में हो रहे शिविर में देश भर से चयनित प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। शिविर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन राव के निर्देशन में हो रहा है। शिविर के लिए राजस्थान से सीकर जिला कांग्रेस के महासचिव डॉ. कुलदीप ढाका भी इस शिविर में भाग ले रहे हैं। चार दिवसीय आवासीय शिविर में देश की वर्तमान व भविष्य की राजनीतिक, सामाजिक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श होगा।

# आदर्श कॉलोनी में बिजली संकटः आक्रोशित लोगों ने दी घेराव और धरने की चेतावनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड के शाहजहाँपुर मे आदर्श कॉलोनी में पिछले चार वर्षों से बिजली की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे सैकड़ों निवासी परेशान हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं होने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि उनकी लाइन बाजार की लाइन से जुड़ी है, जिससे बिजली का लोड अधिक हो गया है। घरों में मात्र 100 से 120 वोल्ट ही बिजली पहुंच रही है, जिससे उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। कम वोल्टेज के कारण पानी की मोटर भी नहीं चलती, जिससे पेयजल संकट है। टूटी एलटी लाइन हादसे का खतरा बनी हुई है। एक वर्ष पूर्व नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना था, लेकिन आज तक स्थापित नहीं किया गया। समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज कॉलोनीवासियों ने बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

# डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने को फतेहाबाद पुलिस तैयार : एसपी सिद्धांत जैन आईपीएस की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आधुनिक साइबर टूल्स के उपयोग और जन-जागरूकता अभियान विस्तार पर जोर

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** जिले में लगातार सामने आ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मैस में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना एवं यूनिट प्रभारी, साइबर सेल टीम तथा तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान साइबर अपराधों के बदलते तरीकों, दर्ज मामलों की वर्तमान स्थिति तथा उनके त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि साइबर अपराध से संबंधित प्रत्येक शिकायत पर तेजी, संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को समय रहते राहत प्रदान की जा सके। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि साइबर अपराध अब पारंपरिक अपराधों की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण हो चुके हैं, क्योंकि अपराधी लगातार नई तकनीकों का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस को भी आधुनिक तकनीकों, डिजिटल फॉरेंसिक, डेटा विश्लेषण और नवीन साइबर टूल्स के माध्यम से अपनी कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिलेभर में साइबर जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी व व्यापक बनाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक फ्रॉड तथा डिजिटल लेनदेन से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि आमजन स्वयं सतर्क रह सकें। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि थानों में प्राप्त साइबर शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर सेल के साथ समन्वय स्थापित कर त्वरित जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही बैंकिंग संस्थानों, टेलीकॉम कंपनियों और संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर मामलों के शीघ्र समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में डीएसपी संजय सिंह, साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार, प्रवाचक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक नत्थू राम सहित जिले के साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में जन-जागरूकता और पुलिस की सतर्कता सबसे बड़ा हथियार है। पुलिस आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपराधियों तक पहुंचने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# डाडा फतेहपुरा में खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर निकाली गई शोभायात्रा, मेल ओर कुश्ती दंगल का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतडी।**



खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा में सोमवार शाम को खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भक्त बाबुलाल गुप्ता ने बताया कि डाडा गांव की पहाड़ी पर बना खाखी जी महाराज का मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। खाखी बाबा सेवा संघ हैदराबाद की ओर से हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। मेला लगने से पूर्व फतेहपुरा से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा की खडाऊ को पालकी में रखकर शोभायात्रा निकाली जाती है। फतेहपुरा के खाखी भवन से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया जो विभिन्न मार्गो से होते हुए पहाड़ी स्थित बाबा के मंदिर परिसर में पंहुची, जहां शोभायात्रा का समापन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म संस्कृति की जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में सर्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। मंदिर में बाबा की ज्योत के साथ मेले का आगाज होगा। मेले में मंदिर कमेटी की ओर से कुश्ती दंगल का भी आयोजन करवाया जाएगा। इस दौरान दुर दराज से आकर दंगल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बाबा के वार्षिक मेले को लेकर मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया है। मेले में आस पास के गांवों के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग बच्चों के जात जडूले की धोक लगाने के लिए आते है। मेले में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर मेला कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर नंदकिशोर अग्रवाल, किशनलाल, गोपीराम, पवन सिंह निर्वाण, चतुर्भुज सिंह, संदीप कुमार, बद्री प्रसाद, राहुल सिंह निर्वाण डाडा, मानवेंद्र सिंह, सतपाल सिंह, हरपाल सिंह, अजीत सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# भारत प्रसिद्ध दादू संप्रदाय नरेना पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज किशोरपुरा आए

## बगड़ दादू द्वारा के महामंडलेश्वर अर्जुन दास महाराज ने दिया आध्यात्मिक संदेश

### महामंडलेश्वर का गुरु परम्परा अनुसार भव्य अभिन्नदन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



**सुमेर मीणा ।** देश की प्रमुख दादूसंप्रदाय नरेना पीठ के महंत ओमप्रकाश दास महाराज किशोरपुरा आए। बगड़ दादू द्वारा के महामंडलेश्वर अर्जुन दास महाराज भी उनके साथ रहे। समाज सेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा एवं परिवार के लोगो ने महाराज का भव्य स्वागत सत्कार कर आशीर्वाद लिया। अपने प्रवचन में महाराज ने कहा कि मनुष्य को धर्म के रास्ते पर चलते हुए जनकल्याण के कार्य करते रहने चाहिए ।उनका कहना था कि जो व्यक्ति अपने लिए जीता है उसका एक दिन मरण होता हैं लेकिन जो दूसरों के लिए जीता है उसका सदैव स्मरण होता हैं । उन्होंने कहा कि मालखेत अरावली की पहाड़ियों में एक से बढ़कर एक सिद्ध महापुरुष हुए हैं दादू पंथी संत कान्हड़ दास हरजी मरजी सुन्दर दास महाराज जैसे कई महापुरुषों ने जीवन्त पर्यंत तपस्या कर इस धरती को जाग्रत करने का काम किया है इन संतों को कौन नहीं जानता महामण्डलेश्वर ने सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का युवाओ से आह्वान किया। गौरतलब है कि दादूदयाल महाराज के गद्दी के बड़े महाराज ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज भी वर्षों पहले किशोरपुरा आ चुके है। इस दौरान महावीर प्रसाद मीणा, सुभाष कुमावत,सुधीर मीणा, सुभाष सैनी चंवरा, प्रकाश मीणा गुडा, नवीन कुमावत, जीना सैनी,सुमित कुमावत, मुकेश कुमावत, गजराज सिंह चंवरा,बाबूलाल सैनी,मनोज कसाना सहित कई लोग मौजूद थे।

# टांकरडा में धूमधाम से निकाली भगवान बाबा भोले की बारात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**



**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया।** शहर के ग्राम टांकरडा में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर भोले की बारात मंडल के त तत्वावधान में भगवान बाबा भोले की बारात का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेनवाल रोड़ स्थित अमृतपुरी शिवालय से भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने किया।बारात में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, ऋषि, हनुमान, काली माता, काल भैरव, वीरभद्र सहित देवी-देवताओं के साथ यक्ष-यक्षिणी, राक्षस-राक्षसी और विभिन्न जीव-जंतुओं के रूप में ग्रामीणों ने भाग लिया। बारात अमृतपुरी शिवालय से रवाना होकर नृत्य करते हुए टांकरडा बस स्टैंड पहुंची, जहां ग्रामीणों ने भगवान बाबा भोले की मोरछड़ी की। इसके पश्चात बारात मुख्य मार्ग से होती हुई श्री रघुनाथ जी महाराज मंदिर परिसर पहुंची। ग्रामीणों द्वारा मंदिर परिसर में पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से स्वागत किया। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह की रस्में, वरमाला, कन्यादान और फेरे स्थानीय कलाकारों द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गई। आयोजन में सांवरमल कुरलिया, संजय कुमार जैन, सीताराम प्रजापत (सोनी), माधव शर्मा, शंकरलाल सेन, सुरज्ञान कुरलिया, नरेन्द्र हरसोलिया, दुर्गेश सैनी, राहुल राजावत, कानाराम सेन सहित कई लोगों ने भाग लिया।

इस दौरान योगेंद्राचार्य महाराज, प्रशासक कृष्णा चौहान, मुकेश कुरलिया, मुकेश चोपड़ा, रामावतार जांगिड़, विनोद शर्मा, बाबूलाल सैनी, पवन सिंह राजावत, जितेन्द्र हरसोलिया, बनवारी लाल राव, रघुवीर सिंह पंवार, ताराचंद यादव, योगेश नुवाल, विरेन्द्र सिंह हरसोलिया, छूट्टन सिंह राजावत, वार्डपंच बलवीर चोपड़ा, दीपक नुवाल, श्यामलाल प्रजापत, महेंद्र सिंह हरसोलिया, राहुल वर्मा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहें।

# कोलीला में श्रद्धा का संगमः बाबा गोकुलपुरी महाराज का वार्षिक मेला एवं भंडारा श्रद्धाभाव से संपन्न

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** उपखंड क्षेत्र के कोलीला गांव में सोमवार को बाबा गोकुलपुरी महाराज का वार्षिक मेला एवं भंडारा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। पूर्व सैन्य अधिकारी हाकिम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गोकुलपुरी महाराज के मेले का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयपुरी महाराज ने की। शुभारंभ के साथ ही भंडारे का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और बाबा का प्रसादी ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के रदौरान हरियाणवी कलाकार नरदेव बेनीवाल, सोनू शर्मा, महिला कलाकार मनोज चौधरी, मन्नू तंवर, संजना चौधरी तथा रेनू , श्योनाराण भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। मंच संचालन राजवीर सिंह चौहान (पूर्व पंचायत समिति सदस्य) द्वारा किया गया। आयोजन में पूर्व सरपंच श्याम सिंह चौहान, भूपसिंह सिरोहीवाल, यशपाल सिंह (राशन डीलर), अशोक कुमार यादव (दूघेडा), लोंगराज सिंह चौहान, महेंद्र सिंह (राबडका), किशोरी लाल गुप्ता, राजाराम (पूर्व सरपंच उदनवास), उमेश सिंह, होशियार सिंह फौजी, कृष्ण डीलर, अशोक ठेकेदार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मेले के सफल आयोजन से गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा और श्रद्धालुओं ने आयोजन समिति की सराहना की।

# मंडावर रेलवे स्टेशन के समीप निर्माण सामग्री डालकर खेतों में तबाही, पीड़ित किसानों में गुस्सा और रोष

## रेल लाईन दोहरीकरण की आड़ में किसानों की जमीन पर ठेकेदारों का जबरन अतिक्रमण, खडी फसलें रौंदी गईं।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**





**मनोज खंडेलवाल ।** महवा रोड स्थित रेलवे स्टेशन पर चल रहे लाइन दोहरीकरण के कार्य ने आसपास के खाताधारक किसानों की नींद उड़ा दी है। अलग-अलग कार्यों के लिए नियुक्त कंपनियों के ठेकेदारों की मनमानी से प्लेटफार्म संख्या-2 की बाउंड्री के पीछे स्थित किसानों की खातेदारी भूमि पर पिछले करीब दो माह से बिना सूचना और बिना किसी स्वीकृति के निर्माण सामग्री जबरन डाली जा रही है, जिससे बोई हुई फसल बर्बाद हो गई और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। पीडीत किसानों का कहना है कि रेलवे प्रशासन ने प्लेटफार्म संख्या-2 के पीछे करीबन सात मीटर भूमि का अवाप्तीकरण कर नियमानुसार मुआवजा दे दिया था, लेकिन अवाप्त की गई जमीन की स्पष्ट हदबंदी या सीमा-बंदी नहीं कराई गई, इसी लापरवाही का फायदा उठाकर ठेकेदार खसरा संख्या 901, 902, 903, 904/1771, 905/1772 और 906/1773 पर स्थित खाताधारकों की निजी कृषि भूमि में रोड़ी, बजरी, गिट्टी, मिट्टी, बिजली लाइन के भारी लोहे के पोल और रेलवे लाइन के सीमेंट स्लीपर आदि सामान उनकी बिना स्वीकृति के जबरन पटक रहे हैं। खेतों में निर्माण सामग्री डालने और भारी वाहनों की आवाजाही से खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है और किसानों को आशंका है कि इस दबाव और मिट्टी की सख्ती से उनके खेत लंबे समय तक बंजर हो सकते है, जिससे आने वाले सीजन में भी पैदावार प्रभावित होगी।

पीड़ित किसानों का आरोप है कि उन्होंने ठेकेदारों और रेलवे के स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार मौखिक शिकायत की, निरीक्षण पर आए अधिकारियों को भी स्थिति बताई, लेकिन न तो सामान हटाया गया और न ही नुकसान की भरपाई की गई। रविवार को आक्रोशित महिला व पुरुष किसान अपनी जमीन पर पहुंचे और ठेकेदारो के द्वारा जबरन रखाई गई सामग्री को हटाने हेतु विरोध जताया तो ठेकेदारो के कार्मिको द्वारा उनकी बात अनसुनी कर दी गई। सोमवार सुबह फिर से उक्त खसरो की खाताधारक किसान व उनकी महिलाएं मौके पर पहुंचीं तो ठेकेदार के कर्मियों द्वारा बदतमीजी किए जाने और पुलिस बुलाने की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए है। जिससे पीड़ित किसानो में भय और रोष दोनों फैल गया। अब खाताधारक किसानों ने उपखंड कार्यालय मंडावर पहुंचकर उपखंड अधिकारी के नाम शिकायत सौंपी है और रेलवे के आगरा मंडल के डीआरएम व एडीआरएम को ईमेल के माध्यम से अवगत कराते हुए वहाँ कार्य करा रहे रेल्वे के ठेकेदारो के द्वारा जबरन रखी गई उनकी जमीन से निर्माण सामग्री तत्काल हटवाने, बिना स्वीकृति उनकी जमीन के उपयोग पर रोक लगाने और ठेकेदारो की लापरवाही के कारण हुए उनके नुकसान की भरपाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन किसी की खातेदारी भूमि पर जबरन कब्जा और फसल नष्ट करना कानून के खिलाफ है और यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च स्तर पर शिकायत के साथ न्यायालय की शरण लेने सहित आंदोलन का रास्ता अपनाने को भी मजबूर होंगे।

### इनका कहना है?

रेलवे प्रशासन के रामचंद्र वर्मा, एक्सईएन कंस्ट्रक्शन, व आशीष वर्मा, आईओडब्ल्यू का कहना है कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं है, यदि ठेकेदारों द्वारा किसानों की निजी भूमि पर निर्माण सामग्री डाली गई है या नुकसान पहुंचाया गया है तो पीड़ित पक्ष दोषियों के खिलाफ विधिवत एफआईआर दर्ज करा सकते है। वहीं आगरा मंडल के डीआरएम गगन गोयल, परिचालन प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने से उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

# जैतपुर में कचरा डंपिंग पर बवाल, विरोध करने वालों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी के आरोप, कार्यवाहक ईओ पर कार्रवाई की मांग

### महिलाओं के शांतिपूर्ण विरोध के बाद बढ़ा तनाव, शिकायत देकर कलेक्टर से हस्तक्षेप की गुहार।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 जैतपुर में कचरा डिपो बनाए जाने के विरोध ने सोमवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा मोड़ ले लिया, जब वार्ड के अनेक लोगों के साथ पूर्व चेयरमैन सरिता नारेड़ा और सायपुर पाखर की पूर्व सरपंच बिशनी देवी ने जिला कलेक्टर को कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी प्रकाश मीणा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत सौंपी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि घनी आबादी और पहाड़ की तलहटी स्थित जलभराव क्षेत्र में नगरपालिका द्वारा बिना किसी वैधानिक स्वीकृति, बिना डंपिंग स्थल चिन्हांकन, बिना भूमि आवंटन और बिना पर्यावरणीय अनुमति के शहर का गीला व सूखा कचरा अवैध रूप से डलवाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में दुर्गंध, संक्रमण और महामारी फैलने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है और आमजन के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन हो रहा है। शिकायतकर्ता ग्रामीणो के अनुसार पूर्व में शहर का कचरा मंडावर-महवा राजमार्ग के किनारे डलवाया जा रहा था, जिससे सड़क सुरक्षा प्रभावित हो रही थी और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ था, जनदबाव के बाद उस स्थान पर डंपिंग रोकी गई लेकिन बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए कचरा वार्ड 17 जैतपुर में डलवाना शुरू कर दिया गया। सड़ांधयुक्त कचरे, मृत पशु अवशेषों और सड़े-गले अपशिष्ट के ढेरों से वार्ड का वातावरण विषाक्त हो गया है, आवारा पशु गंदगी और अवशेषों को खींचकर आबादी के बीच ला रहे हैं जिससे बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गई है। इस अवैध डंपिंग के खिलाफ वार्ड की महिलाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया तो आरोप है कि कार्यवाहक ईओ द्वारा समस्या के समाधान की बजाय विरोध करने वालों को झूठे मुकदमे में फंसाने और थाने में बंद करवाने की धमकी दी गई, जिससे वार्डवासियों में भय का माहौल बन गया। शिकायत में यह भी बताया गया कि पूर्व में उपखंड अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद न तो अवैध कचरा डंपिंग पर रोक लग सकी और न ही किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई हुई, जिससे प्रशासनिक निष्क्रियता उजागर होती है। पीड़ितों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि जलभराव क्षेत्र में कचरा डालने पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, पूर्व में डाले गए कचरे को अविलंब हटाकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कराया जाए और जनविरोध को दबाने के कथित प्रयासों सहित पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों व कार्मिकों के विरुद्ध वैधानिक व विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ग्रामीणो का कहना है कि विकास और स्वच्छता जरूरी हैं, लेकिन कानून की अनदेखी कर घनी आबादी में कचरा डंप करना और विरोध करने वालों को धमकाना स्वीकार्य नहीं है, यदि शीघ्र ठोस हस्तक्षेप नहीं हुआ तो वे उच्च स्तर पर गुहार लगाने के साथ आगे का कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# टोहाना में पैदल गस्त अभियान: शहर थाना पुलिस ने राजनगर में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

### पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में चौकियों द्वारा जनसुरक्षा व अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में गुरुनानकपुरा मोहल्ला और राजनगर टोहाना क्षेत्र में पुलिस चौकियों द्वारा विशेष पैदल गस्त अभियान चलाया गया। यह अभियान नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधों पर नियंत्रण के उद्देश्य से आयोजित किया गया। राज नगर क्षेत्र में पुलिस चौकी चंडीगढ़ रोड प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश के नेतृत्व में



पैदल गस्त की गई। टीम ने बाजार, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर पैनी नजर रखी। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों से संपर्क कर सुरक्षा संबंधी सुझाव प्राप्त किए। गस्त के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरती गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण के लिए चौकियों द्वारा नियमित पैदल गस्त अभियान निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। गस्त अभियान के दौरान पुलिस टीम ने यह भी सुनिश्चित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा उपायों का पालन हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस पैदल गस्त अभियान से अपराधियों में भय उत्पन्न हुआ और आम जनता को सुरक्षा की बेहतर अनुभूति मिली।

# विराट श्री जम्भवाणी हरिकथा ज्ञानयज्ञ में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने की शिरकत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गाँव पारता में आयोजित विराट श्री जम्भवाणी हरिकथा ज्ञानयज्ञ के पावन अवसर पर शिरकत की और श्रद्धालुजनों के साथ भक्ति, ज्ञान एवं सत्संग के दिव्य वातावरण का अनुभव किया। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने उपस्थित संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद श्री बराला ने कहा कि ऐसे



धार्मिक आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने का सशक्त माध्यम होते हैं।कार्यक्रम के दौरान कथा-वाचन, भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया गया। सांसद ने कहा कि श्री जम्भवाणी के उपदेश आज भी समाज को सत्य, अहिंसा, प्रकृति संरक्षण और लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, तब ऐसे ज्ञानयज्ञ समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं को सशक्त करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

# कैशबैक और रिवार्ड्स पॉइंट ठगी से रहें सावधान : एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा

### फर्जी कॉल और लिंक के जरिए साइबर अपराधी बना रहे निशाना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** रेवाड़ी के पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा ने कैशबैक, रिवार्ड्स पॉइंट्स और फ्री गिफ्ट के नाम पर बढ़ती साइबर ठगी की घटनाओं को लेकर आमजन के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी बैंक, ई-कॉमर्स कंपनियों, मोबाइल वॉलेट और नामी ब्रांड्स के नाम पर फर्जी कॉल, मैसेज, ई-मेल व सोशल मीडिया लिंक भेजकर लोगों को ठग रहे हैं।एसपी मीणा ने बताया कि ठग खुद को बैंक कर्मचारी, कस्टमर केयर अधिकारी या किसी प्रतिष्ठित कंपनी का प्रतिनिधि बताकर संपर्क करते हैं और दावा करते हैं कि खाते में कैशबैक आया है या रिवार्ड पॉइंट्स समाप्त होने वाले हैं। इसके बाद वे तुरंत प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाते हैं और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने, फर्जी ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी नंबर तथा नेट बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा करने को कहते हैं। जैसे ही व्यक्ति गोपनीय जानकारी साझा करता है, उसके बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से रकम निकाल ली जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बैंक या अधिकृत कंपनी फोन, मैसेज या लिंक के माध्यम से ग्राहकों से गोपनीय जानकारी नहीं मांगती। नागरिक किसी भी आकर्षक कैशबैक या रिवार्ड ऑफर पर तुरंत भरोसा न करें और उसकी पुष्टि केवल संबंधित बैंक या कंपनी की



आधिकारिक वेबसाइट या ऐप के माध्यम से ही करें। किसी भी अज्ञात लिंक, क्यूआर कोड या कॉल के जरिए निजी और वित्तीय जानकारी साझा करने से बचें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। अपने बैंक अलर्ट और मोबाइल नोटिफिकेशन हमेशा सक्रिय रखें ताकि किसी भी संदिग्ध लेनदेन की तुरंत जानकारी मिल सके। रेवाड़ी पुलिस ने बताया कि ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आमजन को जागरूक करने के लिए समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाती है। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने नागरिकों से अपील की कि ऑनलाइन दिखने वाला हर कैशबैक या रिवार्ड ऑफर असली नहीं होता, इसलिए सतर्क रहें और अपने परिवार व परिचितों को भी साइबर ठगी के तरीकों के बारे में जागरूक करें।

# बसंत पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव: 'युवा शक्ति' थीम पर रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.कुंड।**

**मनोज बुलाण ।** बसंत पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक और देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह की थीम 'युवा शक्ति' रखी गई, जिसने दर्शकों को प्रेरणा और उत्साह से भर दिया।कार्यक्रम शाम 4 बजे आरंभ होकर रात्रि 9 बजे तक चला। इस अवसर पर बावल के विधायक डॉ. कृष्ण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि हैदराबाद से आए कैप्टन एस. एन. अहमद विशिष्ट अतिथि रहे। भाजपा जिला सचिव दिनेश भी समारोह में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को समाज में अलग पहचान दिलाती है और उसके सर्वांगीण विकास का आधार बनती है। शिक्षा के बल पर कोई भी व्यक्ति बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकता है।वहीं कैप्टन एस. एन. अहमद ने विद्यार्थियों को अनुशासन, दृढ़ संकल्प और आत्ममूल्यांकन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इंडियन आर्मी पर हर भारतीय को गर्व है और अभिभावकों को बच्चों पर अनावश्यक पढ़ाई का दबाव नहीं डालते हुए, शिक्षक-अभिभावक समन्वय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्राचार्य सत्यपाल दहिया ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच



संचालन छात्राओं में अंकित, बुलबुल, खुशबू, अंजलि तथा छात्रों में गौरव, अभी और मुकुल ने प्रभावशाली ढंग से किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, अभिभावक और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। समारोह में चेयरमैन सुरेश चंद, प्रबंधक श्वेता यादव, अनुप्रिया यादव, कैप्टन सीपी सिंह, सूबेदार ईश्वर सिंह,अनुप्रिया यादव जसवंत लेक्चर केमिस्ट्री, धर्मवीर सिंह प्रवक्ता हिंदी, रूपेंद्र प्रवक्ता अंग्रेजी, दीपक मैथ, सुमन यादव पॉलिटिकल साइंस, जितेंद्र यादव ज्योग्राफी और समस्त स्टाफ बसंत पब्लिक स्कूल मौजूद मौजूद रहा। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

# युवाओं में खेल भावना विकसित करना समय की आवश्यकता : डीसी डॉ. विवेक भारती

### उपायुक्त ने राजकीय महाविद्यालय में तीसरे वार्षिक एथलेटिक मीट का किया शुभारंभ

### कहा, खेल गतिविधियां अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता को करती हैं मजबूत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित तीसरे वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों की परेड की सलामी ली तथा प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अपने संबोधन में कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता




का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है और ग्रामीण स्तर तक खेल ढांचा मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने और हार-जीत को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. सज्जन कुमार उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय भगवान यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं खेल गतिविधियों की जानकारी दी। एथलेटिक मीट के दौरान विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एथलेटिक मीट के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक तथा रिले रेस जैसी विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैदान में जोशपूर्ण वातावरण बनाए रखा। इसके अतिरिक्त गुरुकुल मताना व राजकीय विद्यालय मताना के विद्यार्थियों ने विभिन्न योग खेल गतिविधियों की प्रस्तुति दी। वहीं मार्च-पास्ट, पीटी प्रदर्शन तथा फिटनेस आधारित गतिविधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिताओं के दौरान निर्णायकों ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ परिणाम घोषित किए। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें भविष्य में उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एथलेटिक मीट प्रभारी डॉ. कपिल देव और डॉ. पवन कुमार सहित महाविद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा ने समाधान शिविर में सुनीं जन समस्याएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। इस दौरान 2 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण के लिए फॉरवर्ड किया गया। प्राप्त शिकायतों में एक परिवार पहचान पत्र से संबंधित और एक पेंशन से संबंधित शामिल रही। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो। विभिन्न विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर निर्धारित समय-सीमा में समाधान किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी न हो। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र आईडी में आय संबंधी संशोधन, नए सदस्यों का



पंजीकरण, राशन कार्ड, बिजली विभाग एवं पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं, जिससे नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। एसडीएम ने आमजन से आग्रह किया कि वे अपनी किसी भी समस्या के समाधान के लिए समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है,

# विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से जोड़ें: कृष्ण बेदी

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम वार्षिक समारोह 'प्रज्ञा उत्सव' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और कक्षाओं में स्थापित डिजिटल बोर्ड, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, खेल सुविधाओं तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि स्थापना के प्रथम वर्ष में ही इस प्रकार की उपलब्धियाँ प्राप्त करना विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित शिक्षण प्रणाली, डिजिटल बोर्ड एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में



सफलता प्राप्त कर सकता है, परंतु संस्कारवान बनना सबसे अधिक आवश्यक है। संस्कार माता-पिता और विद्यालय–दोनों से मिलते हैं। आज के दौर में मोबाइल और इंटरनेट की बढ़ती व्यस्तताओं के कारण कई बार बच्चों को पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करें, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से भी जोड़ें, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विद्यालय महात्मा बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही है और प्रदेश को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। सरकार व्यापारी, कर्मचारी, युवा एवं मातृशक्ति सहित सभी वर्गों के साथ विश्वास के आधार पर 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से कार्य कर रही है। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप नैन ने कहा कि महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि शिक्षा का एक सकारात्मक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों से समृद्ध बनाना है। इस अवसर पर कुलदीप नैन, बलवान सिंह चौहान, बलकार बेनीवाल, राजीव, दीपक, जगतार सिंह संधू, टोहाना रत्न डॉ. शिव सचदेवा, नप चेयरमैन नरेश बंसल, बलदेव सैनी, सेवानिवृत्त डीईओ दयानंद सिहाग, बीईओ जगदीश शेवड़ा, सेवानिवृत्त बीईओ रघुवीर नैन, प्रधानाचार्य सुनील बंसल सहित क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर फतेहाबाद डीसी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

### मकान सूचीकरण के चरण को सफल बनाने हेतु विभागों को समयबद्ध तैयारी करने के दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** उपायुक्त एवं प्रधान जनगणना अधिकारी डॉ. विवेक भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए समय पर और सटीक आंकड़े संकलित करने के



निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकानों की सूचीकरण एवं गणना कार्य मई महीने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए विभागों के बीच समन्वय, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सत्यापन तथा लॉजिस्टिक व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए ताकि सर्वेक्षण कार्य सुचारु रूप से पूरा हो सके।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं की आधारशिला होते हैं, इसलिए पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेन्द्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिला जनगणना प्रभारी मेघा, जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल, जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रवीन, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता बाई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# फतेहाबाद में मैरिज पलेस/होटल संचालकों को पुलिस की सख्त हिदायत : सुरक्षा मानकों की पालना अनिवार्य

### सीसीटीवी, शराब परमिट, डीजे समय सीमा व हथियार प्रतिबंध को लेकर स्पष्ट आदेश, उल्लंघन पर होगी नियमानुसार कार्रवाई-

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा विवाह एवं अन्य समारोहों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश द्वारा मैरिज पलेस एवं होटल संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करना प्रत्येक संचालक की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि सभी मैरिज पलेस एवं होटल परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले CCTV कैमरे लगवाना अनिवार्य होगा। कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 6 माह तक सुरक्षित रखी जानी चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जांच एजेंसियों को सहयोग मिल सके। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी मैरिज पलेस/होटल परिसर में पेट्रोलियम पदार्थ संग्रहित नहीं किया जाएगा, जिससे आगजनी या दुर्घटना की आशंका को रोका जा सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना वैध अनुमति के परिसर में शराब का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि किसी समारोह में शराब परोसी जाती है तो संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# टी20 वर्ल्ड कप: कोलकाता में बड़ा उलटफेर होते-होते बचा, इटली से हांफते हुए जीती इंग्लैंड , सुपर 8 में एंट्री

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में खेले गए टी20 विश्व कप मुकाबले में इंग्लैंड से व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही थी कि वह इटली को आसानी से हरा देगी। इटली अपने पहले टी20 विश्व कप में खेल रही थी, इसलिए ज्यादातर लोगों को कम से कम एक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ही उम्मीद थी। हालांकि, हैरी मैनेंटी की अगुवाई वाली टीम के इरादे कहीं बड़े थे। नेपाल पर 10 विकेट की शानदार जीत के बाद, इटली ने इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी और इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गई, लेकिन अंततः 24 रनों से हार गई।

हैरी ब्रुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और यूरोपीय टीम के सामने 203 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा। उन्होंने सफलतापूर्वक लक्ष्य का बचाव किया और मैच जीत लिया। फिल साल्ट (15 गेंदों में 28 रन) ने तूफानी शुरुआत दी, लेकिन जोस बटलर रन बनाने में नाकाम रहे और ग्रांट स्टीवर्ट के हाथों अपना विकेट गंवाने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना पाए। जैकब बेथेल (20 गेंदों में 23 रन) और टॉम बैंटन (21 गेंदों में 30 रन) ने बल्ले से अच्छा योगदान दिया। सैम कुरेन ने दो छक्के लगाकर 25 रन बनाए।

सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विल जैक्स ने सिर्फ 22 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। स्टीवर्ट और कृष्ण कलुगामेज ने दो-दो विकेट लिए, जबकि जेजे स्मट्स, अली हसन और बेन मैनेंटी ने एक-एक विकेट साझा किया। 203 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, इटली को पहले ही ओवर में दो विकेट का झटका लगा जब जोफ्रा आर्चर ने एंथनी मोस्का और जेजे स्मट्स को शून्य पर आउट कर दिया।

इटली के कप्तान हैरी मैनेंटी ने 11 गेंदों में मात्र 12 रन बनाए और जेमी ओवरटन के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। उनके भाई बेन मैनेंटी (25 गेंदों में 60 रन, जिसमें चार चौके और छह छक्के शामिल थे) ने जस्टिन मोस्का (32 गेंदों में 43 रन, जिसमें सात चौके शामिल थे) के साथ चौथे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। स्टीवर्ट की 23 गेंदों में खेली गई 45 रनों की तेज पारी ने इटली को मैच में बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड ने डेथ ओवरों में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उन्हें 20 ओवरों में 178 रनों पर रोक दिया। विल जैक्स को उनके मैच-विनिंग प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इटली गुरुवार को इसी मैदान पर वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच खेलेगी।



## रोहित और अकरम गर्मजोशी से मिले, सोशल मीडिया में आई तस्वीरें



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को हुए टी20 विश्वकप मुकाबले में जहां भारतीय टीम ने पाक खिलाड़ियों से दूरी बनाये रखी। वहीं भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पाक के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम गर्मजोशी से मिले। इस दोनों के बीच काफी अच्छी कैमेस्ट्री नजर आयी। ये दोनो ही गले मिलते देखे गये। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। रोहित और अकरम को मैच से पहले बातचीत करते, हाथ मिलाते और गले लगते देखा गया। रोहित आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ब्रांड एंबेसडर के तौर पर कोलंबो पहुंचे थे जबकि अकरम कमेंटेटर के रुप में यहां आये है। रोहित भारतीय टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी मिले और उनसे हाथ मिलाया और शुभकामनाएं दीं।

भारत-पाक मैच से पहले रोहित और अकरम आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता के साथ मिलकर टी20 विश्व कप की ट्रॉफी मैदान पर लेकर पहुंचे। इससे पहले दोनों ने दोस्ताना अंदाज में बातचीत की, फोटो खिंचवाई और एक-दूसरे को गले भी लगाया। प्रशंसकों ने इन दोनो दिग्गजों की इस मुलाकात को बेहद पसंद किया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर भी प्रतिक्रियाएं आयी हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने पाक को आसानी से हरा दिया। इस प्रकार भारतीय टीम ने आठवीं बार पाक को हराया।

## टी20 विश्वकप : अफगानिस्तान ने यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ की उम्मीदें बनाये रखीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्वकप के ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को पांच विकेट से हरा दिया। ये अफगान टीम की इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। इस मैच में अफगान टीम ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। यूएई ने सोहैब खान 68 और अलीशान शराफू 40 के अच्छे प्रदर्शन से 20 ओवर में 9 विकेट पर 160 रन बनाये। इसके बाद अफगान टीम ने जीत के लिए मिले 161 रनों के लक्ष्य को पांच विकेट खोकर 19.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। यूएई की ओर से मोहम्मद अरफान और जुनैद सिद्दीकी ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी रही। इब्राहित जादरान 53 ने अच्छी बल्लेबाजी की। वहीं अजमतुल्लाह ओमारजाई 40 रन ने विजयी शॉट लगाया। इस जीत से अफगान टीम के सुपर 8 में पहुंचने की संभावनाएं बरकरार हैं। अब उसे अंतिम लीग मुकाबले में कनाडा को हराना होगा। इस मैच में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने अपना 700 विकेट भी लिया। अब व इस फॉर्मेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। राशिद ने मुहम्मद अरफान को आउट करने के साथ ही अपना 700वां विकेट लिया।।

टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट के मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर डवेन ब्रावो के नाम 631 विकेट जबकि सुनील नरेन के नाम 613 विकेट हैं।

# टी20 विश्कप के सुपर आठ में पहुंची भारत और वेस्टइंडीज, तीन टीमें बाहर हुई

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत सहित दो टीमें आईसीसी टी20 विश्वकप के सुपर आठ में पहुंच गयी हैं। भारत ने पाकिस्तान को यहां 61 रनों से हराकर सुपर आठ में जगह बनायी। भारत से पहले वेस्टइंडीज ने सुपर आठ में जगह बनायी थी। वहीं अलग-अलग ग्रुप की 3 टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं, इनमें ओमान, नेपाल और नामीबिया जैसे एसोसिएट देशों की टीमें हैं। ग्रुप डी से हालांकि अभी तक कोई भी टीम न तो बाहर हुई है और न ही सुपर आठ में पहुंची है।

ग्रुप ए से भारतीय टीम अपने पहले 3 मैच जीतने के साथ ही सुपर 8 में पहुंची है। वहीं इस ग्रुप में दूसरे नंबर पर अमेरिका की टीम है, उसने अब तक 4 में से दो मैच जीते हैं जबकि पाकिस्तान तीसरे स्थान पर है उसने 3 में से 2 मैच जीते हैं। नीदरलैंड ने 3 में से एक मैच जीता है जबकि नामीबिया अपने सभी मैच हारकर बाहर हो गयी है।


ग्रुप बी की बात करें तो श्रीलंका की टीम दो मैच जीतने के बाद पहले शीर्ष पर है जबकि दूसरे नंबर पर जिम्बाब्वे की टीम है, उसने भी अब तक दो मैच जीते हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, वह 2 में से एक मैच हारी है। चौथे नंबर पर आयरलैंड ने 3 में से एक मैच ही जीता है। अपने सभी मैच हार कर अंतिम स्थान पर ओमान है। ग्रुप सी की अंक तालिका में वेस्टइंडीज की टीम नंबर एक पर रहने के साथ ही सुपर 8 में पहुंच गयी है। उसने 3 मैच जीत लिए हैं। इंग्लैंड 3 में से दो मैच जीतकर दूसरे स्कॉटलैंड 3 में से एक मैच जीतकर तीसरे नंबर पर है। इटली की टीम 2 में से एक मैच जीती है, जो चौथे पायदान पर है और नेपाल अपने पहले तीन मैच हारने के बाद बाहर हो गई है।ग्रुप डी में दक्षिया अफ्रीका की टीम 3 मैच जीतकर 6 अंकों के साथ नंबर एक पर है। दो और टीमें उसके करीब हैं पर नेट रन रेट के आधार पर दक्षिण अफ्रीका का सुपर 8 में पहुंचना तय है।





## पाकिस्तान की हार के बाद पीसीबी प्रमुख नकवी पर भड़के अख्तर, नाकाबिल लोग देश का क्रिकेट चला रहे

लाहौर । भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप के लीग मुकाबले में पाकिस्तान टीम की करारी हार के बाद पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर भड़क गये। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रहे अख्तर ने इस हार के लिए पाक बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन मोहसिन नकवी को जिम्मेदार बताया है। अख्तर ने टीवी पर ही नकवी को जाहिल और नाकाबिल बताया। भारतीय टीम ने इस मैच को आसान से 61 रनों से जीत लिया। मैच के बाद अख्तर से जब उनकी पहली प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा, जिस आदमी को नहीं पता कि कैसे क्रिकेट चलानी है आज वही बोर्ड चेयरमैन बना हुआ है। ऐसे में किस प्रकार टीम चलेगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है? इसके साथ ही उन्होंने नाम लिए बिना ही बाबर आजम को निशाना बनाया और कहा कि जिसकों सुपरस्टार का तमगा दिय है। वह एक भी मैच नहीं जिता सका है । इस पूर्व तेज गेंदबाज ने साथ ही कहा, दुनिया का सबसे बड़ा अपराध किसी नाकाबिल को कमान देना है। इसका कारण है कि वह देश को तबाह कर देता है। यही हमारे साथ हुआ है। शोएब ने इस बयान में नकवी का नाम तो नहीं लिया पर वहीं पीसीबी प्रमुख है, इसलिए जो कुछ भी शोएब ने कहा है वह तय है कि नकवी के लिए ही है। समय बोर्ड के चेयरमैन वही हैं तो उनका कहना नकवी के लिए ही था।पाकिस्तान की यह टी20 विश्व कप के मैचों में भारतीय टीम के खिलाफ आठवीं हार है। भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक टी20 विश्व कप में 9 मुकाबले खेले गए हैं और इसमें एक बार ही पाक टीक जीत पायी है। पाक टीम साल 2021 के टी20 विश्व कप में बाबर आजम की कप्तानी में जीती थी। इससे पहले एशिया कप में भी पाक को भारतीय टीम ने हराया था।



## अभिषेक के बल्ले से नहीं निकल रहे रन, इस साल चौथी बार शून्य पर आउट हुए



मुम्बई । भारतीय टी20 टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस साल की शुरुआत से ही खामोश है, पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही आउट हो गये। अभिषेक अब तक टी20 विशकवप में भी रन नहीं बना पाये हैं। अभिषेक ने अब तक इस टूर्नामेंट में दो मेच खेले हैं पर वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं। दोनों ही मैचों में वह अपना खाता भी नहीं खो पाये। इससे एक साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले वे भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं।अभिषेक ने 7 फरवरी को टी20 विश्व कप में डेब्यू किया। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह एक भी रन नहीं बना पाये। इसके बाद दिल्ली के नामीबिया के खिलाफ वह खेल नहीं पाये। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ वापसी करते हएु भी उनसे धमाकेदार पारी की उम्मीद थी पर वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये जबकि माना जा रहा था कि जिस प्रकार उन्होंने पिछले साल रन बनाये थे।उसी प्रकार वह इस बार भी बनायेंगे। साल 2026 में यह चौथी बार है, जब अभिषेक टी20 अंतरराष्ट्रीय में खाता नहीं खोल पाये हैं। पिछले 6 मैचों में वह 4 बार शून्य पर आउट हुए हैं। गौरतलब है कि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकॉर्ड संजू सैमसन का है, जो पिछले साल 2025 में 5 बार शून्य पर आउट हुए हैं। अभिषेक इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे और चौथे मुकाबले में भी शून्य पर ही आउट हो गये थे। कुल मिलाकर अभिषेक शर्मा का टी20 क्रिकेट में पांचवां शून्य है, क्योंकि टी20 क्रिकेट में उनकी शुरुआत ही जीरो के साथ हुई थी। हालांकि, इसके बाद लगातार बड़ी-बड़ी पारियां खेलकर उन्होंनें अपने को साबित किया पर इस बार 7 मैचों में से चार मैचों में वह एक भी रन नहीं बना पाये हैं।वहीं सैमसन ने पिछले साल 5 पारियों में एक भी रन नहीं बनाया था। अभिषेक चार पारियों में इस बार शून्य पर आउट हुए हैं।

# जिम्बाब्वे से जब-जब हारी है ऑस्ट्रेलिया, भारतीय टीम बनी है विजेता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप में जिम्बाब्वे ने जिस प्रकार से ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया हैं। उससे भारतीय प्रशंसकों में उत्साह है और उन्हें लग रहा है कि इस बार भी भारतीय टीम खितेगीजीतेगी। इस कारण एक अजब संयोग हैं जो जिम्बाब्वे की कंगारुओं के खिलाफ जीत से जुड़ा है । इतिहास में दो बार ऐसा हुआ जब ऑस्ट्रेलिया की टीम जिम्बाब्वे से हारी है तो उसका लाभ भारतीय टीम को मिला है। साल साल 1983 के एकदिवसीय विश्वकप जिम्बाब्वे की टीम ने 13 रन से ऑस्ट्रेलिया के हराया था। इसके बाद भारतीय टीम ने विस्ट इंडीज को हराकर पहली बार खिताब जीता था। वहीं साल 2007 के टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने 5 विकेट से ऑस्ट्रेलिया को हराया था। जब भी भारतीय टीम महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीती थी। वहीं इस बार भी जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर पहला उलटफेर किया है। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया की पूरी बल्लेबाजी को सिर्फ 146 रन पर समेट दिया। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर 8 में में पहुंचना तक कठिन हो गया है। वह ग्रुप बी की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गयी हैं। 19 साल बाद किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया है।ऑस्ट्रेलिया की टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था पर उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले पांच से ही जिम्बाब्वे के गेंदबाज हावी हो गये। ब्लेसिंग मुजाराबानी ने जोश इंग्लिस को जल्दी आउट कर शुरुआत की, वहीं ब्रैड इवांस ने कैमरून ग्रीन और ट्रैविस हेड को पेवेलियन भेजा था। टिम डेविड भी बिना खाता खोले मुजाराबानी का शिकार बने, जिससे ऑस्ट्रेलिया का मध्यक्रम ध्वस्त हो गया।



## खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर-शाहीन की हो सकती है छुट्टी, पाकिस्तान टीम के सूत्र ने दी बड़ी जानकारी



कराची । भारत के खिलाफ कोलंबो में अहम मुकाबले में नाकाम रहने के बाद नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप के अगले मैच में खराब फॉर्म से जूझ रहे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी की पाकिस्तानी टीम से छुट्टी हो सकती है। पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के विश्वस्त सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भारत से मिली 61 रन से हार के बाद टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा को नाराजगी जता दी है। सूत्र ने कहा, 'PCB अध्यक्ष प्रेमदासा स्टेडियम से मैच खत्म होने से पहले ही चले गए क्योंकि पाकिस्तान की हार तय हो चुकी थी।' सूत्र ने यह भी कहा कि नकवी ने पीसीबी के एक आला अधिकारी के जरिये मैनेजर को संदेश दिया है कि इस तरह का प्रदर्शन स्वीकार्य नहीं है। कोच माइक हेसन ने भी ड्रेसिंग रूम में टीम से बात करके कहा कि उन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेला। सूत्र ने कहा, 'टीम प्रबंधन ने तय किया है कि अब बहुत हो चुका और बाबर आजम तथा शाहीन को आराम देकर सलमान मिर्जा और नसीम शाह या फखर जमां को उतारा जाए।'

## कैनबरा होटल मामला : पीएसबी ने दिए भुगतान के सबूत, पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में



कराची । पाकिस्तानी हॉकी टीम के लिए आस्ट्रेलिया में होटल बुकिंग के एक करोड़ पाकिस्तानी रूपए से अधिक के भुगतान के सबूत पाकिस्तान खेल बोर्ड (PSB) द्वारा दिए जाने के बाद अब पाकिस्तान हॉकी महासंघ विवाद के घेरे में आ गया है। पाकिस्तान हॉकी टीम को सिडनी हवाई अड्डे पर 13 से 14 घंटे इंतजार करना पड़ा क्योंकि कैनबरा की फ्लाइट लेने से पहले पीएचएफ न खिलाड़ियों और अधिकारियों के हवाई अड्डे पर रूकने या खाने का कोई इंतजाम नहीं किया था जिससे पीएचएफ और पीएसबी की काफी आलोचना हो रही थी। FIH प्रो लीग के लिए कैनबरा पहुंचने के बाद पाकिस्तानी टीम के पास होटल नहीं था क्योंकि पीएचएफ ने भुगतान नहीं किया था। लाहौर से आस्ट्रेलिया का 24 घंटे का सफर तय करने के बाद खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ चार सितारा होटल पहुंचे जहां उन्हें बताया गया कि उनके नाम पर कोई बुकिंग नहीं है। खिलाड़ियों को अपने लगैज के साथ कैनबरा में होटल के बाहर लंबा इंतजार करना पड़ा जिसके बाद कैनबरा में रहने वाले पाकिस्तानियों ने सस्ते एयरबीएनबी होटल का इंतजाम किया। अगले दिन पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच हार गया। PSB ने अब PHF को 28 जनवरी को होटल के इंतजाम के लिए किए गए एक करोड़ और पांच लाख रूपए के चेक की फोटोकॉपी जारी कर दी है। इससे साबित होता है कि क्कस्ने एयर टिकट और होटल के अलावा दैनिक भत्ते का भी भुगतान कर दिया था। क्का्रस्न अपनी ओर से कहता रहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों को ऑस्ट्रेलिया में कोई तकलीफ नहीं हुई। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि क्का्रस्न अधिकारी आर्थिक मामलों को लेकर विवाद में पड़े हों।

# 'यह कोई बड़ा मैच नहीं है', टी20 विश्वकप में भारत-पाक मुकाबले पर सौरव गांगुली का बड़ा बयान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप ए मुकाबले में भारत के अपने कट्टर दुश्मन पाकिस्तान पर 61 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच अपने आप होने वाले 'बड़े मैच' का आइडिया पुराना हो गया है क्योंकि जो इंटेंसिटी और कॉम्पिटिशन कभी इस मुकाबले को दिखाता था, वह अब वैसा नहीं लगता।

पिछले चैंपियन भारत की पाकिस्तान पर जीत ने सुपर 8 में भी उनकी जगह पक्की कर दी। ईशान किशन के 77 रन ने माहौल बना दिया था और भारत के गेंदबाजों ने यह पक्का किया कि 176 का लक्ष्य हमेशा पहुंच से बाहर रहे जिससे पाकिस्तान 18 ओवर में 114 रन पर आउट हो गया। IANS से बात करते हुए गांगुली ने कहा कि मौजूदा पाकिस्तान टीम की तुलना उस महान टीम से नहीं की जा सकती जिसमें जावेद मियांदाद और वसीम अकरम जैसे खिलाड़ी थे।

गांगुली ने कहा, 'अब कोई बड़ा मैच नहीं होता, पहले ऐसे मैच हुआ करते थे। हम पाकिस्तान को जावेद मियांदाद, वसीम अकरम और शाहिद तनवीर की टीम समझने की गलती करते हैं, लेकिन अब वह पाकिस्तान नहीं है।' रविवार की जीत के साथ भारत ने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। पाकिस्तान सिर्फ एक बार (2021 में) जीत पाया था।

गांगुली ने कहा, 'तो मेरे हिसाब से, यह कोई बड़ा मैच नहीं है। मेरे लिए असली बड़े मैच भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, भारत बनाम साउथ अफ्रीका और भारत बनाम इंग्लैंड हैं। टीमों के बीच बहुत बड़ा अंतर है, इसलिए नतीजा कुछ हद तक उम्मीद के मुताबिक है। नतीजे से ज्यादा क्वालिटी में अंतर दिखता है।'

भारत ने एक मैच बाकी रहते सुपर 8 में क्वालिफाई कर लिया है। पाकिस्तान को अब इवेंट के सुपर 8 फेज के लिए अपने आखिरी ग्रुप ए मैच में नामीबिया को हराना होगा। भारत अपने लीग स्टेज कैंपेन का अंत 18 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच के साथ करेगा।

## 21 फरवरी को मेसी के बिना ही उतरेगी इंटर मियामी

फोर्ट लॉडरडेल । इंटर मियामी को 21 फरवरी को होने वाले मेजर लीग फुटबॉल (एमएलएस) कप के पहले मैच में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के बिना ही उतरना होगा। मैसी के बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इस मैच तक फिट होने की संभावना नहीं है।इंटर मियामी की टीम ने कहा है कि मेसी चोटिल और उपचार के दौर से गुजर रहे है। एमएलएस सत्र में लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे मेसी ने पिछले सप्ताह मेंइक्वाडोर में अभ्यास सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल दागा था पर दूसरे हाफ के दौरान ही उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस कारण वह मैदान से बाहर आ गये थे। इसी को लेकर इंटर मियामी ने कहा, अभ्यास में उनकी वापसी आने वाले दिनों में उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। वहीं अगर मेसी नहीं खेलते तो ये टीम के लिए करारा झटका होगा। मेसी को क्लब कितन अहम मानना है उसका अंदाजा इसी से होता है कि पिछले अक्टूबर में इंटर मियामी ने उनके साथ अनुबंध को तीन साल के लिए बढ़ा दिया था।



# पैपराजी पर भड़कीं आयशा खान, एआई के गलत इस्तेमाल को भी बताया खतरनाक



**आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिलकुल असली लगते हैं।**

### एआई से किसी की इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। पिंकविला के साथ इंटरव्यू में आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है। मेरे और विजय सर की एक तस्वीर को एआई वीडियो में बदल दिया गया, जैसे हम गले मिल रहे हों। जिसके बाद मुझे बताना पड़ा कि ऐसा कभी हुआ ही नहीं। ज्यादातर लोग यह समझ ही नहीं पाते हैं कि यह सब एआई से किया गया है।'

### पैपराजी के वीडियो पर क्या बोलीं आयशा?

पैपराजी के वीडियो और वायरल क्लिप्स के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'लोग सहमति को नहीं समझते। बिना पूछे आप किसी का वीडियो या फोटो नहीं ले सकते। आप जानते हैं कि यह गलत है, फिर भी किसी का 'oops' मूमेंट कैप्चर करके उसे पोस्ट कर देते हैं। हालांकि कई फोटोग्राफ़र उनकी सीमाओं का सम्मान करते हैं। जब वह किसी फोटो को पोस्ट ना करने को कहती हैं, तो वे मान जाते हैं और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं करते हैं।'

### आयशा का शरारत गाना हुआ खूब वायरल

आयशा खान हाल ही में धुरंधर के 'शरारत' गाने में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ क्रिस्टल डिसूजा ने भी परफॉर्म किया था। यह गाना सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।



## वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच दिमागी सुकून पर बोलीं सुतारिया

तारा सुतारिया इन दिनों वीर पहाड़िया के साथ कथित तौर पर ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि वीर पहाड़िया से उनका ब्रेकअप हो गया है। इस बीच उन्होंने बताया है कि वह अपने दिमागी सुकून पर ध्यान दे रही हैं। आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा है।

### क्या है जिंदगी का मकसद?

बातचीत में तारा सुतारिया ने कहा 'मैंने हमेशा से इस बात पर यकीन किया है कि असली कामयाबी दिमागी सुकून में है। मेरी जिंदगी का यह मकसद रहा है कि आपके पास जो मुट्ठी भर लोग हैं, वह आपको प्यार करें और आपको जानें।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे करियर आगे बढ़ा है, शांत रहना और भी जरूरी हो गया है।

### शांति की रक्षा करना सीखा

तारा सुतारिया ने बताया कि उन्हें यह समझने में समय लगा कि उन्हें अच्छा महसूस करने के लिए क्या चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी शांति की रक्षा करना सीख लिया है। सिर्फ हम जानते हैं कि अपने नर्वस सिस्टम को कैसे शांत करना है।'

### वायरल वीडियो के बाद फैली अफवाह

हाल ही में खबरें आईं कि तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का ब्रेकअप हो गया है। हालांकि दोनों ने इस पर कुछ नहीं कहा है। एपी ढिल्लों के मुंबई कॉन्सर्ट के वायरल वीडियो के बाद उनके ब्रेकअप की अफवाहें फैलीं। इस वीडियो की सुतारिया ने आलोचना की और इसे पेड पीआर बताया। वहीं पहाड़िया ने कहा कि जो क्लिप सर्कुलेट हो रही थी, उसे एडिट किया गया था।

## 'स्पिरिट' से बाहर होने की अफवाह के बीच प्रकाश राज ने किया नई फिल्म का एलान



बीते दिनों प्रकाश राज को लेकर ऐसी अफवाहें चलीं कि वे संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर हो गए हैं। हालांकि, प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कल सोमवार को इन अफवाहों को खारिज कर दिया। आज मंगलवार को उन्होंने एक दिलचस्प अपडेट शेयर किया है। वे अब फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं। प्रकाश राज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है कि वे फिल्म 'दृश्यम 3' का हिस्सा बन गए हैं। आगे लिखा है, 'दिलचस्प फ्रेंचाइजी 'दृश्यम 3' हिंदी में शूटिंग शुरू कर दी है। एक शानदार टीम और एक शानदार रोल के साथ। मुझे यकीन है कि आपको यह पसंद आएगा। और हां, मैं किसी को रिप्लेस नहीं कर रहा हूं।

बता दें कि ऐसी खबरें सामने आई थीं कि दीपिका पादुकोण के बाद प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। संदीप रेड्डी वांगा के साथ रचनात्मक मतभेदों के चलते उन्होंने ऐसा किया। फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही। एक्टर ने लिखा, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।



## डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

अल्लू अर्जुन और एटली एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के टाइटल का अभी एलान नहीं किया गया है। इसके बावजूद फिल्म ने काफी चर्चा बटोर ली है। फैंस इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि इस प्रोजेक्ट में पहली बार एक पावरफुल स्टार और एक ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर साथ काम कर रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि यह फिल्म आने वाले वक्त में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होगी।

लेट्स ओटीटी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। बताया जाता है कि रश्मिका मंदाना एक डार्क और चैलेंजिंग रोल में नेगेटिव शेड के साथ नजर आएंगी। फिल्म में रश्मिका का किरदार उन खुशमिजाज किरदारों से बहुत अलग है, जो वह आमतौर पर स्क्रीन पर निभाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अल्लू अर्जुन ने पर्सनली इस रोल के लिए उनका नाम सजेस्ट किया था। फैंस को लगता है कि यह किरदार रश्मिका का बिल्कुल नया साइड सामने लाएगा।

फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड फीमेल रोल में हैं। दो मजबूत एक्ट्रेस के अहम रोल निभाने से फिल्म को लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। कई फैंस यह देखने के लिए बेताब हैं कि फिल्म में उनके किरदार कैसे होंगे। खबर है कि रश्मिका ने इस हफ्ते अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। वह फरवरी भर काम करती रहेंगी। इस महीने के आखिर में वह अपनी शादी के लिए छोटा ब्रेक ले सकती हैं। फिल्म का प्रोडक्शन आसानी से चल रहा है। करीब 25 से 30 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है।



## शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को किया खारिज

अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। शमिता शेट्टी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है।

बता दें कि बीते दिनों अभिनेत्री शमिता की डेटिंग लाइफ को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। दरअसल, उन्होंने 02 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। इस जश्न में उनके साथ बहन शिल्पा शेट्टी और जीजू राज कुंद्रा भी मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर सामने आई शमिता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की तस्वीरों में एक शख्स ऐसा भी नजर आया, जिसके साथ शमिता का नाम जोड़ा गया।

शख्स टेक्नो आर्टिस्ट-बिजनेसमैन दीपेश शर्मा थे। हलांकि, डेटिंग को लेकर शुरू हुई अफवाहों को शमिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया।

दीपेश शर्मा के साथ अफेयर की अफवाहों पर शमिता ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर कर लिखा था, 'सिंगल और शांत। सच्ची दोस्ती को गलत तरीके से समझने वाले रूढ़िवादी बनना बंद करो। ये सरासर बकवास है'। बता दें कि शमिता ने साल 2000 में फिल्म 'मोहब्बतें' से डेब्यू किया था।



# बेटे के डेब्यू पर गोविंदा का बड़ा बयान बताया क्यों छोड़ी राजनीति

**गोविंदा बीते दिनों से चर्चाओं का विषय बने हुए हैं। हाल ही में उनकी पत्नी ने उनपर एक्सट्रामैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे। हालांकि इन सभी आरोपों को गोविंदा ने खारिज कर दिया। अब उनके बेटे बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। गोविंदा ने उनके बेटे की एक्टिंग पर भी खुलकर बात की है।**

### यश मुझसे भी बेहतर एक्टर बनेगा

गोविंदा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है और यश आगे चलकर उनसे भी बेहतर एक्टर बनेगा। बातचीत में गोविंदा ने कहा, 'यश मुझसे बेहतर एक्टर बनेगा। वो टेक्निकली मुझसे ज्यादा मजबूत है।' अपने बेटे को सपोर्ट करने को लेकर गोविंदा ने बताया कि उनकी सिफारिश पर निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने यश को अपने ऑफिस में जगह दी, ताकि वह फिल्ममेकिंग के अलग-अलग पहलू सीख सके।

### करण जौहर पर कसा तंज

इस इंटरव्यू के दौरान गोविंदा ने बताया कि उनके नाम पर एक फिल्म बनाई गई थी। गोविंदा बोले, 'किसी ने मेरे नाम से पिक्चर बना दी थी। शायद उसका नाम 'गोविंदा मेरा नाम' था। मुझे पता नहीं, पर लगता है कि वो करण जौहर की फिल्म थी।' बता दें, साल 2022 में रिलीज हुई 'गोविंदा मेरा नाम' में विक्की कौशल, भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी ने साथ काम किया था। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खैतान ने किया था। वहीं इसके प्रोड्यूसर करण जौहर थे।

### गोविंदा ने क्यों छोड़ी राजनीति

वहीं राजनीति छोड़ने के फैसले पर गोविंदा ने कहा कि उन्होंने यह कदम अपने परिवार के लिए उठाया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहता था कि राजनीति मेरी फैमिली लाइफ और बच्चों पर असर डाले।'

### न्यूकमर्स के साथ काम करना चाहते हैं गोविंदा

खबर है कि गोविंदा सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' में नजर आ सकते हैं। हालांकि इस बात को लेकर कोई जानकारी मेकर्स ने शेयर नहीं की है। हां, सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' के मंच पर जरूर कहा था कि वह गोविंदा के साथ एक फिल्म में काम कर रहे हैं। गोविंदा ने आगे कहा कि वह नए कलाकारों के साथ काम करना चाहते हैं और नहीं चाहते कि कोई भी एक्टर उनके बारे में गलत डर बनाए। इसी वजह से उन्होंने सभी से माफी भी मांगी। वहीं, हाल ही में सुनीता आहूजा के भी बॉलीवुड में डेब्यू करने की बात सामने आई है।

### यशवर्धन करने वाले हैं बॉलीवुड में डेब्यू

गोविंदा और सुनीता की शादी 1987 में हुई थी। उनके दो बच्चे भी हैं। बेटी टीना ने 2015 में फिल्म 'सेकंड हैंड हसबैंड' से डेब्यू किया था। बेटा यशवर्धन भी जल्द ही फिल्मों में कदम रखने वाले हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला में तेल बिक्री एक अरब डॉलर पार, अमेरिका में ही जमा होगी राशि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने पुष्टि की है कि वेनेजुएला के कच्चे तेल की बिक्री से होने वाली आमदनी अब एक अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है और आगे से यह रकम कतर में बनाए गए अस्थायी खाते में नहीं, बल्कि सीधे अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट द्वारा नियंत्रित खाते में जमा की जाएगी। यह बदलाव ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने एक सैन्य कार्रवाई में पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वेनेजुएला की तेल बिक्री पर सीधा नियंत्रण कर लिया है। क्रिस राइट ने एक साक्षात्कार में बताया कि शुरुआत में लगभग 500 मिलियन डॉलर की तेल बिक्री राशि कतर में खोले गए एक खाते में जमा की गई थी, जिस पर पूरे समय अमेरिकी सरकार का नियंत्रण था। डेमोक्रेट सांसदों ने पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और वैधता पर सवाल उठाए हैं। सीनेटर चक शूमर (डी-न्यूयॉर्क) और एडम शिफ (डी-कैलिफोर्निया) ने गुरुवार को ऐसा कानून पेश किया है, जिसके तहत गवर्नमेंट अकाउंटेबिलिटी ऑफिस को कतर खाते का स्वतंत्र ऑडिट करने का निर्देश दिया जाएगा। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, शुक्रवार को प्रशांत महासागर में स्थित वानुअतु के उत्तरी तट पर 6.32 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी की गहराई पर था। शक्तिशाली झटकों के बावजूद, प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने राहत की खबर दी कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप के कारण किसी भी जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। वानुअतु रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है।

### इंडोनेशिया में 23 फीट का दुनिया का सबसे लंबा सांप, वजन 213 पाउंड, इंसान पर हमले के मामले दुर्लभ

**जकार्ता , एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में मिले एक विशालकाय मादा रेटिकुलेटेड पाइथन ने वन्यजीव विज्ञान की दुनिया में नया अध्याय जोड़ दिया है। इस सांप का नाम रखा गया है इबु बैरोन, जिसका स्थानीय अर्थ भव्य या महारानी जैसी मादा माना जाता है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया की अब तक सत्यापित रूप से मापा गया सबसे लंबा जंगली सांप घोषित किया है। इसकी लंबाई 23 फीट 8 इंच और वजन 213 पाउंड दर्ज किया गया है। नेशनल ज्योग्राफिक की रिपोर्ट के अनुसार इस ऐतिहासिक खोज के पीछे हैं खोजकर्ता और नेचुरल हिस्ट्री फोटोग्राफर राडू फ्रेंतिउ, जो पिछले दो दशकों से बाली में रह रहे हैं। बड़े सांपों से उनका पहले भी सामना होता रहा है, लेकिन इबु बैरोन ने उन्हें भी स्तब्ध कर दिया। उन्होंने कहा मैंने अपने जीवन में इतना बड़ा सांप कभी नहीं देखा। यह सांप आसानी से एक बछड़े को बल्कि शायद एक वयस्क गाय को भी निगल सकता है। पूरे इंडोनेशिया में जंगल कटने और शिकार घटने से बड़े सांप इंसानी इलाकों के करीब आ रहे हैं। रेटिकुलेटेड पाइथन जहरीले नहीं होते, लेकिन उनकी ताकत उन्हें खतरनाक शिकारी बना देती है। वे मवेशियों को मार सकते हैं और दुर्लभ मामलों में इंसानों पर भी हमला कर चुके हैं। डर के चलते इन्हें अक्सर मार दिया जाता है। स्थानीय संरक्षणवादी बुडी पुरवांतो ने खबर फैलते ही इबु बैरोन को बिकने या मारे जाने से बचाया और अपनी जमीन पर अस्थायी शेल्टर बनाया। फिलहाल वह वहां अन्य बचाए गए सांपों के साथ रह रही है। उसे जंगल में वापस छोड़ना जोखिम भरा माना गया, क्योंकि बड़े शिकार अब दुर्लभ हैं।

### युवराज पहलवी की अपील पर म्यूनिख में जुटे 2.5 लाख लोग, ईरान पर बढ़ रहा चौतरफा दबाव

**म्यूनिख, एजेंसी।** जर्मनी के म्यूनिख शहर में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन के दौरान ईरान की सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। पुलिस के मुताबिक, इस विरोध प्रदर्शन में करीब 2,50,000 लोग शामिल हुए। यह रैली ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी की उस अपील का नतीजा थी, जिसमें उन्होंने तेहरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने की मांग की थी। म्यूनिख की सड़कों पर प्रदर्शनकारियों ने ढोल बजाकर और सरकार बदलने के नारे लगाकर विरोध किया। यह प्रदर्शन पहलवी के 'ग्लोबल डे ऑफ एक्शन' का हिस्सा था, जिसका मकसद ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को अंतरराष्ट्रीय समर्थन दिलाना है। ऐसी ही रैलियों की अपील लॉस एंजिल्स और टोरंटो में भी की गई थी। प्रदर्शन में लोग 1979 की क्रांति से पहले वाले ईरान के झंडे लहरा रहे थे, जिन पर शेर और सूरज के निशान बने थे। एक मीडिया वार्ता में रेजा पहलवी ने चेतावनी दी कि अगर दुनिया के लोकतांत्रिक देश ईरान में हो रहे दमन पर चुप रहे, तो वहां और भी मौतें होंगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस खतरे के समय में दुनिया ईरान के लोगों के साथ खड़ी होगी? उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सरकार टिकी रहती है, तो यह दुनिया के हर तानाशाह को संदेश देगा कि लोगों को मारकर सत्ता बचाई जा सकती है।

# आरोप- पुतिन ने अपने विरोधी को एपिबैटिडीन जहर देकर मारा

## इससे पहले लकवा फिर दर्दनाक मौत होती है, दक्षिण अमेरिकी मेंढक में मिलता है

**मॉस्को, एजेंसी।** यूरोप के पांच देशों ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनके विरोधी एलेक्सी नवलनी को 'एपिबैटिडीन जहर' देकर मारने का आरोप लगाया है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन और नीदरलैंड ने कहा है कि यूरोप की लैब में नवलनी के शरीर के नमूनों की जांच में एपिबैटिडीन पाया गया। ये जहर रूस में प्राकृतिक रूप से नहीं मिलता। इन देशों ने कहा कि रूस के पास यह जहर देने के साधन, मकसद और मौका तीनों थे। उन्होंने रूस के खिलाफ केमिकल वेपन्स कन्वेंशन के उल्लंघन की शिकायत करने की बात कही है। नेशनल ज्योग्राफिक के मुताबिक, ये जहर दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले जहरीले डार्ट मेंढकों की त्वचा में मिलता है। यह जहर पहले शरीर को लकवाग्रस्त करता है, फिर सांस लेने में दिक्कत पैदा करता है और आखिर में दर्दनाक मौत हो सकती है।



**एक डार्ट मेंढक का जहर 10 लोगों को मार सकता है :** डार्ट मेंढक करीब दो इंच लंबे होते हैं, लेकिन उनके शरीर में इतना जहर होता है कि वह लगभग 10 वयस्क लोगों को मार सकता है। इन मेंढकों की त्वचा से निकाले जाने वाले जहर को एपिबैटिडीन कहा जाता है। यह एक न्यूरोटॉक्सिन है, यानी ऐसा जहर जो सीधे नर्व सिस्टम पर असर करता है। इसे एक रासायनिक हथियार के रूप में भी जाना जाता है। डार्ट मेंढक का जहर धरती के सबसे घातक जहरों में गिना जाता है। यह मॉर्फीन से लगभग 200 गुना ज्यादा ताकतवर है। इससे शरीर को लकवा मार सकता है, सांस लेने में गंभीर दिक्कत पैदा हो सकती है और दर्दनाक मौत होती है। वैसे तो एपिबैटिडीन मेंढकों में प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन इसे लैब में भी बनाया जा सकता है। यूरोपीय वैज्ञानिकों को शक है कि इस मामले में इसे लैब में तैयार किया गया था।

**नवलनी आर्कटिक की जेल में सजा कर रहे थे :** नवलनी की 16 फरवरी 2024 को आर्कटिक की एक जेल में मौत हो गई थी, वो यहां 19 साल की सजा काट रहे थे। वे सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते थे और विरोध प्रदर्शन करते थे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि रूस नवलनी को खतरे के रूप में देखता था और इस तरह का जहर इस्तेमाल कर उसने दिखाया कि वह राजनीतिक विरोध से कितना डरता है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि पुतिन सत्ता में बने रहने के लिए बायोलॉजिकल हथियार तक इस्तेमाल करने को तैयार हैं। नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनाया ने कहा कि उन्हें पहले दिन से यकीन था कि उनके पति का हत्यारा कौन था और अब इसका सबूत मिल गया है। उन्होंने पुतिन को हत्यारा बताते हुए जवाबदेह ठहराने की मांग की। वहीं रूसी अधिकारियों का कहना है कि नवलनी टहलने के बाद बीमार पड़े और उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी इन आरोपों को खारिज किया है।

**नवलनी को पहले भी जेल जहर देने की कोशिश हुई थी :** नवलनी पहले भी 2020 में जहर देने की कोशिश की गई थी। उस वक्त उन्हें 'नोविचोक' नाम का नर्व एजेंट दिया गया था। उन्होंने इसका आरोप क्रेमलिन पर लगाया था, लेकिन रूस ने इससे इनकार किया था। इलाज के लिए उन्हें जर्मनी ले जाया गया था। ठीक होने के बाद जब वे रूस लौटे तो उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और अपनी जिंदगी के आखिरी तीन साल जेल में बिताए। ब्रिटेन पहले भी रूस पर ऐसे हमलों का आरोप लगाता रहा है। 2018 में इंग्लैंड के सैलिस्बरी शहर में पूर्व रूसी एजेंट सर्गेई स्क्रिपल पर 'नोविचोक' नर्व एजेंट से हमला हुआ था। वे और उनकी बेटी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। एक ब्रिटिश महिला डॉन स्टर्जेस की भी मौत हो गई थी। ब्रिटेन की जांच में कहा गया था कि इस हमले को हाई लेवल से मंजूरी मिली होगी। इसी तरह 2006 में लंदन में पूर्व रूसी एजेंट अलेक्जेंडर लिट्विनेंको की रेडियोएक्टिव पदार्थ पोलोनियम-210 से मौत हुई थी।

# चीन का बड़ा कदम, 53 अफ्रीकी देशों पर मई 2026 से किया जीरो टैरिफ




**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने घोषणा की है कि वह 1 मई 2026 से अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले 53 अफ्रीकी देशों से होने वाले आयात पर जीरो टैरिफ लागू करेगा। सरकारी मीडिया के अनुसार यह कदम अफ्रीका के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और महाद्वीप में अपनी वरीयतापूर्ण व्यापार व्यवस्था का विस्तार करने के मकसद से उठाया गया है। अब तक चीन 33 अफ्रीकी अल्प-विकसित देशों (एलडीसी) के 97 से 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुंच देता था, जिसे 2024 में सभी उत्पादों तक विस्तारित किया गया। नया फैसला लगभग पूरे अफ्रीका पर लागू होगा। केवल इस्वातिनी को इससे बाहर रखा गया है, क्योंकि उसके ताइवान के साथ राजनयिक संबंध हैं। यह कदम ऐसे समय में आया है जब अमेरिका के अफ्रीकन ग्रोथ एंड ऑपर्च्युनिटी एक्ट के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और यूरोपीय संघ के साथ आर्थिक साझेदारी समझौतों पर तनाव जारी है।

**दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा ने की थी चीन यात्रा :** हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने चीन की यात्रा कर व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के व्यापार मंत्री पार्क्स टाउ और चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ के बीच एक गैर-बाध्यकारी रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर हुए। मार्च 2026 तक 'अर्ली हार्वेस्ट एग्रीमेंट' को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है, जिससे दक्षिण अफ्रीकी निर्यात को चीनी बाजार में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी। जनवरी से अगस्त 2025 के बीच चीन-अफ्रीका व्यापार 15.4 प्रतिशत बढ़कर 222.05 अरब डॉलर पहुंच गया। इस दौरान चीन का अफ्रीका को निर्यात 24.7 प्रतिशत बढ़कर 140.79 अरब डॉलर रहा, जबकि अफ्रीका से आयात केवल 2.3 प्रतिशत बढ़कर 81.25 अरब डॉलर हुआ। परिणामस्वरूप 2025 के पहले आठ महीनों में अफ्रीका का व्यापार घाटा 59.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। अफ्रीका मुख्यतः कच्चे तेल, तांबा, कोबाल्ट और लौह अयस्क जैसे कच्चे संसाधनों का निर्यात करता है, जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच अफ्रीका ने चीन से 15,032 मेगावाट सौर पैनल आयात किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक है।


## अल-फाशेर में तीन दिन तक हिंसा में मारे गए 6000 से अधिक लोग, अर्धसैनिक बल ने किए अत्याचार: यूएन की रिपोर्ट

**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के दारफुर क्षेत्र में एक अर्धसैनिक समूह ने अक्तूबर के अंत में तीन दिनों तक अत्यधिक हिंसा की। इसकी भयावहता और क्रूरता हैरान करने वाली थी। इस हिंसा में छह हजार से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने यह जानकारी दी है। यूएन का कहना है कि सूडान के अल-फाशेर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के हमले में तीन दिनों में कम से कम छह हजार लोग मारे गए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अल-फाशेर शहर पर कब्जा करने के लिए हमले में आरएसएफ बड़े पैमाने पर ऐसे अत्याचारों में शामिल था, जो युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराधों की श्रेणी में आते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने कहा, अल-फाशेर पर आखिरी हमले में आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब मिलिशिया की ओर से किए गए मनमाने अपरा दिखाते हैं कि अपराध के लिए सजा न देने से हिंसा के निरंतर चक्र को बढ़ावा मिलता है। अपराधियों को सजा न मिलने हिंसा को मिल रहा बढ़ावा आरएसएफ और उसके सहयोगी अरब समूहों ने 26 अक्तूबर को अल-फाशेर पर कब्जा कर लिया था। इन अरब समूहों को जनजावीद कहा जाता है। अल-फाशेर दारफुर में सूडानी सेना का आखिरी किला था। 18 महीनों की घेराबंदी के बाद आरएसएफ ने शहर और आसपास के इलाकों में लूटपाट की और जमकर हिंसा फैलाई। रिपोर्ट में सामूहिक हत्या और यौन हिंसा जैसे गंभीर अपराध का जिक्र संयुक्त राष्ट्र की 29 पन्नों की रिपोर्ट में कई खौफनाक अपराधों का विवरण दिया गया। इसमें सामूहिक हत्या, तुरंत फांसी, यौन हिंसा, फिरौती के लिए अपहरण, यातना और दुर्व्यवहार, हिरासत और गुमशुदगी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि कई मामलों में ये हमले नस्ल या समुदाय के आधार पर किए गए थे। आरएसएफ ने इस मामले में ईमेल के जरिये पूछे गए सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



# मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका ने एआई का किया था इस्तेमाल, रिपोर्ट में दावा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए एआई का इस्तेमाल किया था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एंथ्रॉपिक पहला एआई मॉडल डेवलपर था जो गुप्त संचालन के लिए पेंटागन में इस्तेमाल किया गया। सेना द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल, एआई कंपनियों के लिए बड़ी साख बढ़ाने वाला माना जाता है। हालांकि एंथ्रॉपिक के दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि हिंसा को बढ़ावा देने, हथियार विकसित करने या निगरानी करने में इसका इस्तेमाल न किया जाए। इसके बावजूद इस ऑपरेशन में उपयोग किया गया। गौरतलब है कि मादुरो और उनकी पत्नी को कराकस से गिरफ्तार किया गया था। इस ऑपरेशन कई जगहों पर बमबारी के बाद अंजाम दिया गया। एंथ्रॉपिक के प्रवक्ता ने बताया कि 'क्लॉड का कोई भी इस्तेमाल, चाहे वह निजी क्षेत्र में हो या सरकार द्वारा हो, हमारी नीतियों के अनुसार होना चाहिए। हमारी नीतियां स्पष्ट हैं कि क्लॉड का उपयोग कैसे किया जा सकता है। हम अपने साझेदारों के साथ मिलकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं।' क्लॉड को तैनात किया गया क्योंकि पेंटागन द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की डेटा कंपनी पेलान्टिर टेक्नोलॉजीज का एंथ्रॉपिक के साथ साझेदारी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक क्लॉड के उपयोग को लेकर एंथ्रॉपिक की चिंताओं के बाद अमेरिकी अधिकारी बड़ा फैसला ले सकते हैं। एंथ्रॉपिक के बयान के बाद अमेरिकी अधिकारी 200 मिलियन डॉलर तक के अनुबंध रद्द करने पर विचार कर रहे हैं। एंथ्रॉपिक के चीफ एग्जीक्यूटिव डारिओ अमोडेई ने कहाकि एआई के इस्तेमाल में नियम-निर्देशों का सख्ती से पालन होना चाहिए। ताकि एआई से किसी तरह का नुकसान न हो। एंथ्रॉपिक कंपनी के अधिकारियों द्वारा जारी बयानों ने पेंटागन के साथ कांट्रैक्ट की राह में बाधा खड़ी कर दी है। रक्षा सचिव पीट हेगसेठ ने जनवरी में कहा था कि पेंटागन उन एआई मॉडल्स के साथ कोलैबोरेट नहीं करेगा, जो युद्ध लड़ने की अनुमति नहीं देते। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने एंथ्रॉपिक की चर्चाओं का हवाला देते हुए यह बात कही थी।



## 'भारत सफल उभरती अर्थव्यवस्था', संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बोले-AI शिखर सम्मेलन के लिए सबसे सही जगह

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत की सराहना करते देश को एक बेहद सफल उभरती अर्थव्यवस्था करार दिया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वैश्विक मामलों में भारत का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। इसलिए एआई पर होने वाला आगामी शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत सबसे सही स्थान है। दरअसल, भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से पहले संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष साक्षात्कार में गुटेरेस ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से पूरी दुनिया को फायदा होना चाहिए और यह सिर्फ विकसित देशों या दो महाशक्तियों के लिए आरक्षित विशेषाधिकार नहीं बनना चाहिए। इसी के साथ उन्होंने कहा है कि भारत वैश्विक मामलों में अधिक प्रभाव रखने वाली एक 'बेहद सफल' उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए सही जगह है। इंटरव्यू के दौरान एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए भारत को हार्दिक बधाई देता हूं। यह अत्यंत आवश्यक है कि एआई का विकास हर किसी के लाभ के लिए हो और वैश्विक दक्षिण के देश भी एआई के लाभों का हिस्सा बनें।' बता दें कि 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ (वैश्विक दक्षिण) में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा और यह 'लोग, ग्रह और प्रगति' के तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है। गुटेरेस, जो एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा करेंगे, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य होगा कि एआई केवल सबसे विकसित देशों का विशेषाधिकार हो या केवल दो महाशक्तियों के बीच का विभाजन हो, जो स्पष्ट रूप से उनका अमेरिका और चीन की तरफ इशारा था। गुटेरेस ने कहा कि यह बिल्कुल आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जाति के लाभ के लिए एक सार्वभौमिक उपकरण बनाया जाए।

**एआई महाशक्तियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए :** गुटेरेस ने स्पष्ट किया कि एआई केवल सबसे विकसित देशों द्वारा नियंत्रित या दो वैश्विक महाशक्तियों के प्रभुत्व वाला उपकरण नहीं बनना चाहिए। सीधे तौर पर नाम लिए बिना, उन्होंने अमेरिका और चीन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के लाभ कुछ ही देशों तक सीमित रहना अस्वीकार्य होगा। इसके बजाय, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक दक्षिण के देशों को भी इस शक्तिशाली तकनीक के लाभों में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। उनके अनुसार, एआई एक सार्वभौमिक उपकरण बनना चाहिए जो विश्व स्तर पर विकास, नवाचार और प्रगति का समर्थन करे।

**भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 :** 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला यह उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण में आयोजित होने वाला पहला एआई शिखर सम्मेलन होगा। इस आयोजन का मुख्य विषय होगाः लोग, ग्रह और प्रगति। विश्व के कई प्रमुख नेता और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अधिकारी इसमें शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा, गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण और एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई शामिल हैं। गुटेरेस स्वयं चर्चाओं में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे।

# अमेरिका में लापता हुए भारतीय छात्र साकेत श्रीनिवासैया की मौत, 6 दिन बाद पाया गया शव

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के बर्कली में लापता हुए भारतीय छात्र का 6 दिन बाद शव पाया गया है। 22 साल के साकेत श्रीनिवासैया यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में पोस्ट ग्रैजुएशन के छात्र थे और वह अचानक 9 फरवरी को लापता हो गए थे। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय कॉन्सुलेट ने उनके शव के पाए जाने की पुष्टि की है। मिशन की तरफ से कहा गया. हमें बेहद दुख है कि पुलिस ने बताया है कि साकेत श्रीनिवासैया की मौत हो गई है और उनका शव पाया गया है। हम साकेत के परिवार वालों के लिए संवेदना व्यक्त करते हैं। भारतीय मिशन ने कहा, हम साकेत के परिवार की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। स्थानीय प्रशासन के साथ तालमेल के जरिए हम साकेत के पार्थिव शरीर को भारत भिजवाने का प्रबंध कर रहेहैं। हमारा कार्यालय परिवार के साथ सीधे संपर्क में है और सभी औपचारिकताओं के लिए भी हम परिवार के साथ खड़े हैं।



**कहां से लापता हो गए थे साकेत :** जानकारी के मुताबिक साकेत आखिरी बार बर्कली हिल्स इलाके में देखे गए थे। वह अंजा लेक के पास गए थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक उनका पासपोर्ट और लैपटॉप पास में ही पाया गया है। कर्नाटक के रहने वाले श्रीनिवासैया ने आईआईटी मद्रास से बीडटेक किया था और आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका गए थे। 2025 में ही उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफॉर्निया में ऐडमिशन लिया था। 13 फरवरी को कर्नाटक सरकार की मुख्य सचिव ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया है कि साकेत के परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, बर्कले पुलिस विभाग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका है। स्थिति की गंभीरता और राज्य में रह रहे उनके परिवार की बढ़ती चिंता को देखते हुए, शालिनी ने विदेश मंत्रालय से इस मामले में हस्तक्षेप और सहायता का अनुरोध किया था। साकेत के रूममेट ने ही सबसे पहले उनके गायब होने की बात सोशल मीडिया पर बताई थी और पुलिस से मदद मांगी थी। साकेत के कमरे में साथ रहने वाले बिनीत सिंह ने कहा कि इस घटना से यहां रहने वाला हर भारतीय स्तब्ध है। उन्होंने कहा, हम प्रशासन के साथ मिलकर साकेत के परिवार को इमर्जेंसी वीजा पर अमेरिका बुलाने का प्रयास कर रहे हैं। बिनीत ने कहा कि 9 फरवरी को लापता होने से पहले साकेत ज्यादा कुछ खाते-पीते नहीं थे। वह अकसर चिप्स खाकर ही रह जाते थे। हालांकि इसके अलावा उनके चहरे पर कोई तनाव नहीं दिखता था। उन्होंने कहा कि 21 जनवरी को भी श्रीनिवासैया ने उन्हें झील के किनारे बुलाया था।

# बांग्लादेश में नए पीएम का शपथ ग्रहण, भारत के अलावा 12 देशों को भी भेजा गया है न्योता

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के आम चुनवाों में बीएनपी को बड़ी जीत मिलने के बाद प्रधानमंत्री समेत पूरे मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण 17 फरवरी को होने जा रहा है। इस समारोह का दिलचस्प पहलू यह है कि यह राष्ट्रीय संसद परिसर के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है जबकि अभी तक शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित होते रहे हैं। समाचारपत्र 'प्रोथोम आलो' और 'इत्तेफाक' में प्रकाशित खबर के अनुसार, समारोह के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन नव-निर्वाचित सांसदों को पद की शपथ दिलाएंगे, जबकि संविधान के अनुसार यह शपथ अध्यक्ष शिरीन शरमिन चौधरी द्वारा दिलाई जानी चाहिए।

**इन देशों को भेजा गया है न्योता :** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत-पाकिस्तान समेत 13 देशों को न्योता भेजा गया है। इनमें चीन, सऊदी अरब, तुर्की, यूएई, कतर, मलेशिया, ब्रुनेई, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव और भूटान शामिल हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश ने भारत को न्योता भेजा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ढाका जाना असंभव ही है। 17 तारीख को ही प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित बैठक होने वाली है। ऐसे में किसी प्रतिनिधि को ढाका भेजा जा सकता है।

**पीएम मोदी का ढाका जाना मुश्किल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तारिक रहमान को सबसे पहले बधाई देने वाले नेताओं में शामिल थे। उनके संदेश के बाद बीएनपी ने कहा, 'बांग्लादेश अपने सभी नागरिकों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशिता और प्रगतिशील विकास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और अपने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति साझा प्रतिबद्धता के मार्गदर्शन में, भारत के साथ रचनात्मक रूप से जुड़कर अपने बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।'



**शपथ ग्रहण के दौरान कई चुनौतियां :** तारिक रहमान के एक प्रमुख सहयोगी ने नाम न उजागर की शर्त पर बताया कि मौजूदा परिस्थितियों ने मामलों को थोड़ा जटिल बना दिया है। उन्होंने कहा, '' पिछली संसद की अध्यक्ष को सांसदों को शपथ दिलानी होती है, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया है और अज्ञात स्थान पर रह रही हैं, जबकि उपाध्यक्ष जेल में हैं। इन परिस्थितियों में राष्ट्रपति संविधान में तय प्रावधान के अनुसार किसी और को शपथ दिलाने के लिए चुन सकते हैं।'' इससे पहले, कैबिनेट सचिव शेख अब्दुर राशिद ने कहा था कि संविधान के अनुरूप राष्ट्रपति नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे, लेकिन उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई।

बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच 13वें संसदीय चुनाव को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शनों के बाद 15 वर्ष से अधिक समय तक शासन करने वालीं शेख हसीना को सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था, जिसके बाद अल्पसंख्यकों पर व्यापक हमले भी हुए थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, —mail bheempragya@gmail.com